| **अध्ययनार्थ्यांना जोडीने/गटामध्ये/वैयक्तिक संधी देऊन प्रोत्साहित करू शकतो.**<br>• विविध लिखाणातील संदर्भ समजणे जसे : संदेश, नोटीस, पत्र, अहवाल, जीवनचरित्र, दैनंदिनी, प्रवासवर्णन, इत्यादी.<br>• लेखनात योग्य विरामचिन्हांचा उपयोग व लिखाणातील प्रारंभ, मध्य व शेवट यावर लक्ष केंद्रित करून लेखनात योग्य विरामचिन्हांचा उपयोग करणे.<br>• पुस्तक समीक्षण/परीक्षण लिहिणे. | **अध्ययनकर्ता-**<br>• मसुदा, उजळणी व लहान परिच्छेद शाब्दिक, छापील, दृश्य मुद्द्यानुसार लिहतील.<br>• योग्य प्रारंभ, मध्य, शेवट यांच्याशी सुसंगत लिखाण.<br>• संदेश, निमंत्रक, लहान परिच्छेद, पत्र (औपचारिक व अनौपचारिक) वाचकांच्या संवेदना लक्षात घेऊन लिहतील.<br>• पुस्तक परिक्षण लिहतील. |

चला आता आपण लेखन कौशल्य कृती वर्गात कशा प्रकारे घेतली जाऊ शकते ते बघू या.

| | |
|---|---|
| **लेखनपूर्व/ बुद्धिमंथन** | या पायरीत चर्चेद्वारे किंवा दृक्साधनाद्वारे विचार करणे व कल्पनानिर्मिती करणे अपेक्षित आहे. यामध्ये लिखाणाचा उद्देश यावर देखील विचार करणे. उदा. निमंत्रण पत्र लिहिणे हे मित्राला पत्र पाठविण्यापेक्षा अधिक औपचारिक स्वरूपाचे आहे. |
| **लेखन** | या पायरीत माहीतीची जुळवाजुळव, योग्य भाषेची निवड व लेखन कृतींचा समावेश होतो. लेखक स्वतः कोठे थांबावे याची निवड करू शकतो व एखादा भाग पूर्ण करण्यापूर्वी तो कशासाठी होता याबाबत उजळणी करू शकतो. |
| **उजळणी व पुनर्विलोकन** | • या प्रक्रियेत ओळींचे पुनर्वाचन व पुनर्विलोकन यांचा समावेश होतो.<br>• माझ्या वाक्यांची पुनर्रचना करण्याची मला गरज आहे का?<br>• एखादा मुद्दा माझ्याकडून सुटला तर नाही?<br>• पुनरावृत्ती तर झाली नाही ना?<br>मुद्दा वाढविण्यासाठी मी शब्दसंपत्ती व उदाहरणांचा उपयोग करू शकतो का? |

| | |
|---|---|
| **संपादन** | येथे लेखक हा लिहिलेला मजकूर बरोबर आहे का याची खात्री करतो व विरामचिन्हे, शुद्धलेखन, व्याकरण, इत्यादी तपासतो. शेवटी काळजीपूर्वक उजळणी या पायरीत केली जाते. |
| **पुनर्लेखन** | अंतिम मसुदा लेखन. |

तुमच्या शाळेतील मुख्याध्यापकांना संगीत विषयाच्या जादा तासिका घेण्यासाठी औपचारिक पत्र लिहा.

लेखनाचे मूल्यमापन शब्दसंपत्ती, संकल्पनांची मांडणी, सुसंगतपणा, व्याकरण, विरामचिन्हे याद्वारे करू शकतो.

***कृती : (Activity for KRP's)***

लिंग, संवेदनशीलता/समावेशित/पर्यावरण-विषयक संवेदनशीलता/वैज्ञानिक दृष्टिकोन या विषयातील कोणत्याही विशिष्ट संकल्पना (theme) वर कृती घ्यावी. उदा. मुलींना शिकविणे या विषयावर परिच्छेद लेखन.

***विकेंद्री/सर्जनशील प्रश्न***

विकेंद्री प्रश्नांमुळे मुलांना विविध मार्गांचा शोध घेणे व वेगवेगळी निर्मिती करण्यासाठी व पर्यायी उत्तरे किंवा परिस्थिती निर्माण करण्यासाठी मदत होते. विकेंद्री प्रश्न असा असतो ज्याला विशिष्ट असे उत्तर नसते, यामुळे एखाद्या विषयावर सखोल विचार करण्याची मुलांची क्षमता वाढते. असे प्रश्न सामान्य समस्यांवर असताना जसे : विशिष्ट गरजा, लिंग, इत्यादी.

विशेष गरजा असणाऱ्या मुलांसाठी विकेंद्री प्रश्नांची रचना अध्ययन निष्पत्तीनुसार पुढीलप्रमाणे.

| अ.क्र. | कोणासाठी? | सुचवलेली कार्यनीती |
|---|---|---|
| 1. | अल्पदृष्टी मुले | अल्पदृष्टी मुलांच्या फायद्यासाठी<br>• रंगीत खडू, स्केच पेनचा उपयोग<br>• मोठ्या अक्षरात फलकावर लेखन.<br>• बसण्याची व्यवस्था समोरील रांगेत, खिडकीजवळ जास्त प्रकाश असलेल्या ठिकाणी. |
| 2. | कर्णदोष असलेली मुले | कर्णदोष मुलांसाठी-<br>• बसण्याची व्यवस्था अशी करावी जेणे करून ते शिक्षकांजवळ असतील.<br>• शिक्षकाने जोरात, स्पष्टपणे व सावकाश बोलावे.<br>• गरज असण्यास शिक्षकाने पुन्हा सांगावे. |
| 3. | अक्षम, बौद्धिक अक्षमता असलेली मुले | अशा मुलांना भाषा बोलण्यात (ओघवतेपणा), वाचन (शब्द गाळणे), डोळे-हात समन्वय (घाणेरडे अक्षर-अस्वच्छ) आलंकारिक भाषा समजण्यात अडचणी असतात. शिक्षक त्यांच्या सर्जनशीलतेनुसार व संयमाने योग्य त्या कार्यनीतीचा उपयोग करू शकतात. ते त्यांच्या सहकाऱ्यांशी संपर्क करू शकतात तसेच DEGSN, NCERT शी संपर्क करू शकतात. |
| 4. | कुशाग्र मुले | अशा मुलांना विकेंद्री विचारांना चालना देण्याच्या कृती द्याव्यात. उदा. ऐका व बोला व जोरात सांगा या पाठ्यपुस्तकातील विभागालाही मुले खूप कल्पक असा प्रतिसाद देतात.<br>त्यासोबतच त्यांना विविध प्रकारचे आशय ज्यात नवीन शब्दसंग्रह व बौद्धिक पातळीला आव्हान देणारे आशय पुरवावे. |

***शब्दसंग्रह :***

भाषा अध्ययन व आजीवन प्रक्रियेत शब्द संपत्तीचे अध्ययन ही अध्ययनाची प्राथमिक पायरी आहे. शब्दसंग्रह हा व्यापक (शब्दांची संख्या) व सखोल (एका शब्दाचे अनेक अर्थ) आहे. शब्दसंग्रहाचा समजपूर्वक वाचनाशी संबंध आहे, मुलांचे आकलन वाढविण्यासाठी

त्यांना शब्दांची केवळ व्याख्या देणे पुरेसे नाही. मुलांचा मेंदू अशा व्याख्या कायमस्वरूपी लक्षात ठेवत नाहीत व भविष्यात एखाद्या आशयात तेच शब्द वाचताना त्यांना काहीच आठवत नाही. अशावेळी पुढील कार्यनीती उपयोगी ठरते.

- शब्दांचा अर्थ विशद करण्यासाठी त्या शब्दांचा उपयोग करून ५–७ वाक्ये तयार करून घ्यावीत.
- वाक्याचे पुनर्वाचन व संदर्भ/परिस्थितीचे चिंतन.
- ओळखणे सुलभ होण्यासाठी क्लृप्ती देणे.

तेव्हा मुले आपोआप व्याख्येपर्यंत पोहोचतात. लहान मुलांसाठी शब्दांचा अभिनय, चित्र काढणे, यामुळे शब्द व आवाज याचा सहसंबंध होण्यास मदत होते. तसेच चित्राचे शब्दांशी सहसंबंध आणि आपोआप शब्दांचा अर्थ यांचा सहसंबंध प्रस्थापित होतो.

**अध्ययन निष्पत्ती व इयत्ता चौथी शब्दसंग्रह**

| अध्ययन–अध्यापन प्रक्रिया | अध्ययन निष्पत्ती |
|---|---|
| **मुले**<br>• शब्दांचे प्रकार व जात लक्षात घेतो<br>• संदर्भाचा उपयोग करून शब्दसंपत्ती समृद्ध करणे<br>• संदर्भातील नवीन शब्दांच्या अर्थाचे अनुमान काढणे.<br>• शब्द/वाक्प्रचार/वाक्ये/लहान परिच्छेद यांचे ज्ञानात उताऱ्याकडून अज्ञान उताऱ्याकडे असे श्रुतलेखन करणे. | **मुले**<br>• साधे सोपे शब्दकोडे सोडवतो, शब्द साखळी बनविणे.<br>• संदर्भातील अनोळखी / नवीन शब्दांच्या अर्थाचा अनुमान काढणे.<br>• लहान परिच्छेदाचे (७–८ वाक्ये) श्रुतलेखन करणे.<br>• शब्दकोशाचा उपयोग करुन अर्थ शोधणे. |

**उदाहरण - 4 :** खालील शब्द, वेगवेगळ्या कागदाच्या चिठ्ठीवर लिहा.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चंद्र | तुटणे | पडणे | पाऊस | प्रकाश | पाणी | जोरात | वाकणे |

मुलांना दोन शब्द एकत्र करून नवीन शब्द/वाक्प्रचार तयार करण्यास सांगा. नवीन शब्दसाठी प्रबलन होण्यासाठी पुढील कार्यनीतीचा उपयोग करा.

- हाताळावयाच्या कृती (चित्रकला, कलेचे व्हिडीओ पाहणे, क्राफ्ट)
- शब्दाविषयी व त्याच्या इतर अर्थाविषयी चर्चा.
- संदर्भातील शब्द वाचण्याची अधिक संधी.
- शब्द लेखन, वेगळा न लिहिता वाक्प्रचार व वाक्ये यामध्ये लिहिणे.

***व्याकरण***

'व्याकरण' हा शब्द उच्चारताच 'कठीण' आहे, 'कंटाळवाणे', 'तिरस्कार वाटतो' यासारख्या प्रतिक्रिया येतात. व्याकरण हा भाषेचा अविभाज्य घटक आहे. व्याकरण हे संदर्भ देऊन चांगल्या प्रकारे शिकविता येऊ शकते. मातृभाषेत आपण व्याकरणदृष्ट्या अचूक वाक्य रचनेचा उपयोग करतो. जरा एखाद्या वेळेस आपण चुकलो, तरी संवाद साधणाऱ्या इतरांकडून त्या चुकांची दुरुस्ती सहजपणे तणावरहित रित्या केली जाते किंवा आपणच संवादाच्या ओघात त्या दुरुस्त्या करीत असतो. व्याकरणाच्या संदर्भात नियमांना संदर्भाची जोड देणे हे अतिशय महत्त्वपूर्ण असते. व्याकरणाच्या अमूर्त संकल्पनेसाठी तर ते अत्यावश्यकच असते.

**उदाहरण - 5 :**

इतरांबरोबर कथन करताना मुले (प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष कथनाबाबत – direct-indirect speech) सहज अनुभव घेतात. परंतु उदाहरणे सोडविताना मात्र मुलांना अडचणी येतात. कारण ते नियमांना धरून विचार करतात.

उदा. तीन विद्यार्थ्यांना वर्गासमोर बोलवा. दोन मुले जवळ बसतील आणि एक थोड्या अंतरावर बसेल.

विद्यार्थी 1 : तू तुझी सायकल विकली का?

विद्यार्थी 2 : मी अजून त्याचा विचार करतोय.

(विद्यार्थी 1 विद्यार्थी 3 जवळ जातो) मी त्याला विचारले की त्याने त्याची सायकल विकली की काय तर त्याने म्हटले की, तो अजून त्यावर विचार करतोच आहे.

खालील युक्तीचा वापर करून शिक्षक चुकांचे प्रमाण कमी करू शकतात.

- लहान-लहान उताऱ्यांचा वापर करून संकल्पनेचा सराव देता येऊ शकतो.
- चिंतन करण्यास, विचार करण्यास मुलांना प्रोत्साहित करणे 'हे योग्य वाटते का?' असे प्रश्न विचारावे.
- खालील युक्तांच्या आधारे व्याकरणाची नव्या संकल्पनेचे दृढीकरण करता येऊ शकते.
- संकल्पनेच्या विविध व्याकरण पद्धतींचा वापर करून भाषा-समृद्ध वातावरण पुरवणे.
- मुलांच्या सभोवतालच्या वातावरणातील संदर्भांची निवड करणे.

संदर्भासह व्याकरण अध्यापन केल्यास एक अर्थपूर्ण अध्ययन होऊन वास्तव जीवनाशी ते जोडले जाते आणि अशाप्रकारे आकलन सोपे होते.

**अध्ययन निष्पत्ती - व्याकरण वर्ग - 7**

| अध्ययन-अध्यापन प्रक्रिया | अध्ययन निष्पत्ती |
|---|---|
| **मुले**<br>• नाम, सर्वनाम, क्रियापद, निर्धारक, काळ, विशेषण, क्रियाविशेषण, इत्यादी. व्याकरण घटकांचा संदर्भ लक्षात घेऊन नियम समजून घेतात. | **मुले**<br>• संप्रेषणात योग्य व्याकरण रूपाचा उपयोग करणे. (उदा. नाम, सर्वनाम, क्रियापद, निर्धारक, काळ, विशेषण, क्रियाविशेषण, इत्यादी.)<br>• शाब्दिक व दृक् सूचनांच्या आधारे इंग्रजीत सुसंगत वाक्यरचना करतो. |

**उदाहरण - 6**

**पाठ का नाम : बहादुर बित्तो**

**हिंदी भाषा की पाठ्य-पुस्तक 'रिमझिम' 3 से**

कक्षा तीन में एक पंजाबी लोककथा है - **'बहादुर बित्तो'**। यह कहानी बित्तो नाम की महिला की चतुराई, सूझ-बूझ, निडरता को दर्शाती है कि, किस तरह से चुनौतियों का सामना और बचाव किया जाता है। 'कहानी' विधा का यह पाठ बच्चों की भाषाई क्षमताओं के विकास, भाषाई रंगतों तथा बारीकियों की समझ व विभिन्न संदर्भों में भाषा प्रयोग और सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशीलता से जुड़ी अनेक संभावनाओं को समेटे हुए है। दरअसल कहानी कहने के लिए होती है और कहानी कहना एक कला है। कहानी कहने वाले का अंदाज़, हाव-भाव और उतार-चढ़ाव इतना सधा हुआ हो कि बच्चे कहानी के साथ तादात्म्य स्थापित कर सकें, कहानी की घटनाओं को अपने आस-पास घटते हुए महसूस कर सकें और कहानी के साथ स्वयं को जोड़ सकें।

**चिंतन-बिंदु**

- अब तक जो आपने कहानियाँ पढ़ीं व सुनीं, उनमें आपको क्या खास बातें नज़र आई?
- कहानी किस तरह से भाषाई रंगतों और सामाजिक सरोकारों को समाहित किए हुए होती है?

आइए, चलते हैं मीता की कक्षा में। मीता कक्षा तीन की शिक्षिका हैं और आज वे बच्चों के साथ 'बहादुर बित्तो' कहानी पर बात करने जा रही हैं।

**कक्षा की शुरुआत :**

मीता ने कक्षा में आते ही रोज़ की तरह सभी बच्चों से उनके बारे में बातचीत का सिलसिला शुरू किया। यह बेहद अनौपचारिक बातचीत थी– मोहित का बुखार कैसा है? दवाई ली क्या?/ रेशमा ने कल स्कूल से घर जाकर क्या किया?/ बच्चों ने कौन–कौन सी किताबें पढ़ ली हैं?/ आज कुछ और किताबें हमारे कक्षा पुस्तकालय में शामिल हो जाएँगी। किसी को छुट्टी के समय कोई पेंसिल मिली क्या? रेहाना की पेंसिल नहीं मिल रही है आदि। बच्चों ने भी अपनी–अपनी बात कही बुखार अब ठीक है। दवाई चल रही है/हमने किताब धूप में रखी थी। बारिश में गीली हो गयी थीं सारी की सारी!! आज कौन–सी किताबें आई हैं? कोई कहानी की किताब है उसमें क्या?/हाँ मैडम, ये रही! वहाँ दरवाज़े के पीछे पड़ी थी। आदि–आदि। बच्चे अपनी और भी बातें बताने लगे– चूहे ने कपड़े कुतर डाले/ छोटे भाई ने बस्ते में से किताब निकाल ली। आदि–आदि। नंदिनी ने भी अपनी बात कही और इस अंदाज़ में कही कि सबका ध्यान उसकी ओ चला गया– पता है, मैंने कल रास्ते में बहुत लंबा साँप देखा! मीता और कक्षा के सारे बच्चे उत्सुक थे कि फिर क्या हआ। सब साँप के बारे में बात करने लगे– क्या तम साँप से डर गई थीं? साँप अपने आप चला गया था या तुमने उसे भगा दिया था?/ साँप भगाने में क्या किसी ने तुम्हारी मदद की थी? आदि–आदि। मीता ने ब्लैकबोर्ड पर नंदिनी की बात लिखी–

**मैंने कल रास्ते में बहुत लंबा साँप देखा!**

उन्होंने बच्चों से ब्लैकबोर्ड पर लिखे वाक्य को पढ़ने के लिए कहा। जो बच्चे पढ़ नहीं पा रहे थे, उनके पढ़ने में मीता ने मदद की और उँगली रखकर वाक्य को पढ़ा। फिर बच्चों से कहा कि अब वे वाक्य को पढ़ें। बच्चों के साथ इस अनौपचारिक बातचीत को 'आज की बात' भी कहा जाता है। यह बच्चों को बोलने–सुनने और पढ़ने–लिखने के सार्थक अवसर देती है। साथ ही उन्हें कक्षा में सहज होने, अपनी बात कहने के अवसर और साहस देने, अपनी बात को अपनी भाषा में कहने की आज़ादी देने, बच्चों की भाषा को कक्षा में स्थान देने, दसरों की बातों को धैर्य से सनने, अपने अनुभवों को साझा करने, कक्षायी प्रक्रियाओं के साथ स्वयं को जोड़ने में और संवाद की प्रक्रिया में सक्रिय सहभागी होने में मदद भी करती है। बच्चों को यह अवसर मिलता है कि वे अपनी बात को एक व्यवस्थित क्रम से कह सकें। बच्चों के साथ संवाद की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए ज़रूरी है कि शिक्षक भी बच्चों के साथ अपनी बात साझा करें।

**भाषा सीखने–सिखाने के दौरान आकलन**

मीता ने देखा कि–

- कक्षा के सभी बच्चे नंदिनी को साँप मिलने वाली बात में ज़्यादा रुचि ले रहे थे। यह उनका रुचि क्षेत्र था।
- नंदिनी बहुत आत्मविश्वास के साथ अपनी बात कह रही थी। उसके कहने के अंदाज़ में भावप्रवणता थी।
- मोहित बहुत धीमी आवाज़ में पूछी गई बात का जवाब देता है। बात कहते समय उसकी नज़र झुकी रहती है।

झुनिया ने अपनी निमाड़ी भाषा में कहा– म्हार घर म भी साँप घुसी आयो थो। मक साँप सी डर नी लगतो। (मेरे घर में भी साँप घुस आया था। मुझे साँप से डर नहीं लगता।) वह अपनी भाषा में तो आत्मविश्वास के साथ बहुत सलीके से बोलती है लेकिन हिंदी में बोलने में उसके भीतर थोड़ी झिझक है।

**कहानी कहना :**

मीता ने नंदिनी की बात से ही आगे की बात जोड़ते हुए कहा– ''तुम्हें पता है कि एक बार बित्तो के सामने भी ऐसी ही चुनौती आई थी। लेकिन उनका मुकाबला साँप से नहीं बल्कि शेर से था। पता है, उन्होंने शेर का मुकाबला कैसे किया?'' अब तक बच्चों के मन में यह उत्कंठा पैदा हो चुकी थी कि बित्तो कौन हैं और उन्होंने शेर का क्या किया? रोहित ने पूछा– बित्तो कौन थी? शेर ने उनके साथ क्या किया?'' तभी मुदिता की आवाज़ आई–''हुँ! शेर ने बित्तो का कुछ नहीं किया बल्कि बित्तो ने शेर का कुछ

किया! समझे रोऽ ऽ ऽहित!'' आप बित्तो की कहानी सुनाइए न! कक्षा से सभी बच्चों की आवाजें आने लगीं। मीता ने 'बहादुर बित्तो' की कहानी पूरे भावपूर्ण ढंग से अपने अंदाज़ में सुनाना शुरू किया–

यह कहानी पंजाब की है। पंजाब के एक गाँव में एक किसान अपने परिवार के साथ रहता था। दो बच्चे–बबली और जीत! और उसकी बीवी का नाम था– बित्तो! ––––।

कहानी सुनाने के बाद मीता ने बच्चों से कहानी के बारे में चर्चा की–

- तुम्हें बित्तो की कौन–सी बात सबसे ज़्यादा पसंद आई और क्यों?
- शेर ने बित्तो का राक्षसी क्यों समझ लिया था?
- शेर तो डरकर भाग गया था, लेकिन भेड़िए का क्या हुआ होगा?
- अगर कहानी में शेर की जगह हाथी होता तो बित्तो कैसे निबटती?
- अगर तुम बित्तो की जगह होते तो शेर से कैसे निबटते?
- क्या कभी तुमने कोई तरकीब लगाकर समस्या को निबटाया है? कैसे?
- अगर बित्तो की यह कहानी तुम्हें अपनी दादी को सुनानी हो तो कैसे सुनाओगे? अपनी भाषा में कहानी सुनाइए।

मीता ने कहानी पर चर्चा करने के लिए ऐसे सवालों का चयन किया जो बच्चों को तर्क करने, अनुमान लगाने, कल्पना करने, अपने अनुभव से जोड़ने का अवसर देते हैं। यह ज़रूरी भी है! मीता के सवालों में वह गुंजाइश नज़र आती है कि बच्चे कहानी की घटनाओं और पात्रों के बारे में अपनी प्रतिक्रिया या राय दे सकें। बातचीत में सवालों का स्वरूप और दिशा तय करने में बच्चों के जवाब और प्रतिक्रियाएँ महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बच्चों के जवाब से ही आगे के सवाल निकलते हैं। बच्चों के भाषा–विकास के संदर्भ में उन्हें यह अहसास कराना ज़रूरी है कि

- उनके द्‌वारा कही गई बात का महत्व है।
- वे अपनी बात को अपनी भाषा में भी कह सकते हैं।
- शिक्षिका को उनका बोलना अच्छा लगता है।
- वे अपनी बात को अपने तरीके से कहने के लिए स्वतंत्र हैं।
- कक्षा के बाकी बच्चे भी उनकी बात को गौर से सुनते हैं।
- उनकी राय और प्रतिक्रिया बाकी बच्चों से अलग हो सकती है।
- ठीक ढंग से न बोलने पर उन्हें डाँटा नहीं जाएगा।
- उन्हें सभी सवालों के जवाब आते हों, यह ज़रूरी नहीं है।
- वे भी शिक्षिका से सवाल पूछ सकते हैं।

### चिंतन–बिंदु

भाषा सीखने–सिखाने के संदर्भ में–

- अनौपचारिक बातचीत (आज की बात) और कहानी कहना–सुनना किन उद्‌देश्यों को पूरा करने में मदद करते हैं?
- मीता की कक्षा में कौन–सी बातें आपको बहुत खास लगीं और क्यों?
- सवालों का स्वरूप क्यों महत्वपूर्ण है?

दर असल बच्चों के साथ बातचीत करने और कहानी कहने–सुनने के माध्यम से बच्चों के सुनने–बोलने की क्षमताओं का विकास एक साथ हो रहा है। भाषायी क्षमताओं में परस्पर संबंध होता है और वे एक–दूसरे के विकास को प्रभावित करती हैं। भाषाई क्षमताओं को किसी एक सुनिश्चित क्रम से विकसित करना या उन्हें अलग–अलग खाँचों में रखना संभव नहीं है। जब बच्चे दूसरे बच्चों या शिक्षिका की बातों को धैर्य से सुनते हैं तो उन्हें विचार, विचारों की प्रस्तुति (शब्द–चयन, वाक्य संरचना, कहने का अंदाज़, उतार–चढ़ाव, गति आदि) को भी संज्ञा में लेते हैं। अच्छा श्रोता होना प्रभावी वक्ता बनने में मदद करता है। सुनना एक सक्रिय प्रक्रिया है जिसमें सुनते समय मस्तिष्क में निरंतर विचार–विमर्श चलता रहता है। मीता जब कहानी कह रही है तो बच्चे यह सोच सकते हैं – शेर ने किसान को क्यों नहीं मारा?/ बित्तो भी कितनी चतुर है।/ मैं भी शेर का मुकाबला ऐसे ही करती।/शेर कितना मूर्ख था न! आदि। बातचीत के दौरान बच्चों द्वारा पूछे गए सवाल उनकी इसी श्रवण योग्यता की ओर संकेत करते हैं कि बच्चे आखिर 'सुन' क्या रहे हैं और क्या अर्थ ले रहे हैं। कक्षा में अनेक बच्चे ऐसे हो सकते हैं जो लक्ष्य भाषा के इतर, अपनी मातृभाषा में बात करें, जैसे– असमी भाषा की कक्षा में कोई बच्चा, खासी या संथाली भाषा में बात कर सकता है। इसे सहर्ष स्वीकार कीजिए। ऐसा करना उन्हें लक्ष्य भाषा सीखने, लक्ष्य भाषा से जोड़ने में मदद करता है। बच्चों की अपनी मातृभाषा लक्ष्य भाषा के व्यवहार को प्रभावित कर सकती है, इसे भी स्वीकार कीजिए। मातृभाषा के प्रभाव या कक्षा में उसके स्थान को समाप्त करने का प्रयास बच्चों की अस्मिता को समाप्त करने जैसा हो सकता है, क्योंकि भाषा का सवाल अस्मिता का भी सवाल है।

### कहानी का शीर्षक :

किसी कहानी का शीर्षक उस कहानी के मुख्य भाव व मुख्य बात/मुख्य घटना की ओर संकेत करता है। मीता ने 'बहादुर बित्तो' कहानी के शीर्षक पर बच्चों के साथ बातचीत शुरू की और पूछा –

- इस कहानी को 'बहादुर बित्तो' नाम क्यों दिया गया होगा?
- अगर बहादुरी किसान ने दिखाई होती तो कहानी का क्या नाम होता?
- तुम कहानी को क्या नाम देना चाहोगे?

**बच्चों ने सुझाए शीर्षक**

*बहादुर बित्तो और डरपोक शेर*
*बित्तो की समझदारी चतुर बित्तो*

कहानी के नाम/शीर्षक के बारे में की गई बातचीत बच्चों को कहानी की मुख्य घटनाओं, पात्रों का विश्लेषण करने या उनके बारे में सोच–विचार करने का अवसर जुटाती है। कहानी को अपना शीर्षक देना बच्चों की तर्क शक्ति और कल्पनाशक्ति को बढ़ाने में मदद करता है। भाषा का सर्जन तो है ही!

**चिंतन–बिंदु**

कहानी का शीर्षक किन–किन आधारों पर रखा जाता है और बच्चों में इसकी समझ विकसित करने के लिए आप कौन–कौन से तरीके सुझाएँगे?

### कहानी अलग–अलग अंदाज़ में

कहानी के इर्द–गिर्द कई तरह से काम करते हुए बच्चों के भाषा–विकास के अवसर जुटाए जा सकते हैं। किसी घटना को बदलकर कहानी को आगे बढ़ाना या कहानी का अंत बदलवाना भी ऐसी ही गतिविधि हैं। 'बहादुर बित्तो' कहानी के संदर्भ में भी स्थिति विशेष प्रस्तुत कर मीता ने बच्चों से कहानी को अपने–अपने अंदाज़ में आगे बढ़ाने और कहानी का अंत बदलने के लिए कहा, जैसे–

- अगर किसान शेर को गाय देने का वादा न करता।
- अगर भेड़िए को बित्तो की असलियत का मालूम नहीं होती।
- अगर बित्तो शेर को देखकर डर जाती।

**बच्चों ने गढ़ी कहानी**

*अगर भेड़िए को बित्तो की असलियत का मालूम नहीं होती तो–*

- वह डर के मारे दुम दबाकर भाग जाता।
- वह शेर के साथ अपनी पूँछ नहीं बाँधता।

कहानी में ऐसी और भी जगह या घटनाएँ हो सकती है जो नहीं होतीं तो, कहानी किसी अलग अंदाज़ में आगे बढ़ती या समाप्त होती। बच्चों से कहा जा सकता है कि वे कहानी की इन जगहों से कहानी को अपने हिसाब से आगे बढ़ाएँ या अंत बदलकर लिखें। उच्च कक्षाओं में एक गतिविधि यह हो सकती है कि कहानी की कोई एक–दो घटनाएँ बदल दी जाएँ लेकिन कहा जाए कि कहानी को कुछ इस तरह से गढ़ो कि उसका अंत वही रहे। कहानी का कोई एक पात्र बदलकर भी कहानी को नए सिरे से गढ़ने के लिए कहा जा सकता है। हम जितनी बार कहानी के इर्द–गिर्द बदलाव करेंगे उतनी ही बार विचारों में, भाषा की संरचना व प्रयोग में भी बदलाव आएगा। इससे बच्चों को संदर्भ के अनुसार भाषा के विविध रूपों को गढ़ने या प्रयोग करने के सार्थक अवसर भी मिलेंगे।

**भाषा सीखने–सिखाने के दौरान आकलन**

मीता ने देखा कि...

- अगर किसान शेर को गाय देने का वादा न करता।
- जसबीर बहुत रुचि और धैर्य के साथ सबकी बात सुनती है।
- जेम्स के बोलने में स्पष्टता और प्रवाह है।
- राधिका बोलते समय थोड़ा अटकती है लेकिन उसके जवाब बाकी बच्चों से अलग होते हैं।
- बबली ने अपना शीर्षक सुझाया– बित्तो की चतुराई भरी कहानी। कारण– बित्तो ने बहुत चतुराई से काम लिया न इसलिए!
- अली ने जल्दी से कहानी को आगे बढ़ाते हुए कहा– अगर बित्तो शेर को देखकर डर जाती तो शेर उसे खा जाता तो उसका पति उसे अस्पताल ले जाता। ऐसे ही कुछ दिन बीत जाते और उसके बाद उसकी पत्नी की मृत्यु हो जाती।

**चिंतन – बिंदु**

- बच्चों द्वारा अपनी कहानी गढ़ने के क्रम में कहानी को आगे बढ़ाना और कहानी का अंत बदलना, भाषा–विकास में किस तरह की मदद करते हैं?
- आप बच्चों की मौखिक भाषा का आकलन करते समय किन बातों पर ध्यान देंगे और क्यों?

कहानी को अलग–अलग तरीके से आगे बढ़ाने का काम मौखिक भी हो सकता है और लिखित भी। मीता ने बच्चों से कहा– अगर कहानी में भेड़िए को बित्तो की असलियत मालूम न होती तो कहानी में आगे क्या होता/कहानी के अंत में क्या होता? कक्षा के सभी बच्चों ने अपनी–अपनी तरह से कहानी को आगे बढ़ाया और बताया। इसके बाद मीता ने कहा– ठीक है, अब तुम अपनी–अपनी कहानी को अपने–अपने तरीके से लिखो और कोई नाम (शीर्षक) भी दो। कक्षा तीन में यह संभव है कि बच्चे लेखन के अलग–अलग स्तर पर हों। कुछ बच्चे शब्दों को लिखने में तो कुछ वाक्य लिखने में संघर्ष कर रहे होंगे। कुछ बच्चों के पास अपनी बात तो हो लेकिन कहने के तरीके (लिखित अभिव्यक्ति) में दिक्कत आ रही हो। एक खास तरह से वाक्य–संरचना को शुरू कर एक अलग तरह की वाक्य–संरचना से वाक्य की समाप्ति भी हो सकती है। विशिष्ट भाषा–प्रयोग के उदाहरण भी देखने को मिल सकते हैं। कुछ बच्चे अभी भी आड़ी–तिरछी रेखाओं, स्ववर्तनी के स्तर पर होंगे। बच्च जब लिखने की शुरुआत करते हैं तो कोई भी भाषा हो, आड़ी–तिरछी रेखाएँ खींचना भी लिखना होगा। यह भाषा–शिक्षण शास्त्रीय दायरे के अंतर्गत आता है।

**भाषा सीखने–सिखाने के दौरान आकलन**

मीता ने देखा कि–

- मुदिता ने कागज़ पर कहानी लिखना शुरू किया लेकिन जल्दी से मिटा भी दिया। फिर दुबारा लिखना शुरू किया।

- जावेद को 'भेड़िया' शब्द लिखना नहीं आया तो उसने किताब से 'भेड़िया' शब्द देखकर लिखा।
- मोहित धीरे-धीरे अक्षर बनाकर लिखने की कोशिश करता है।
- झुनिया ने निमाड़ी में ही कहानी लिखी। बोलने का आत्मविश्वास लिखने में भी झलक रहा था।

आदित्य ने अपनी वर्तनी (स्व-वर्तनी) में लिखा- उसे बैल दे देता। फ़र्र खेत सूख जाता और उने भोजन नहीं मिल पाता।

**चिंतन-बिंदु**

बच्चों द्वारा अपनी कहानी गढ़ने के क्रम में कहानी को आगे बढ़ाना और कहानी का अंत बदलना भाषा-विकास में किस तरह से मदद करते हैं?

**यहाँ भाषा क्षमताएँ :** बोलना और लिखना साथ-साथ चल रही हैं! कहानी को आगे बढ़ाने के लिए मौखिक रूप से किया गया काम उसे लिखने में मदद करता है।

**कहानी पढ़ना :**

पढ़ना एक अर्थपूर्ण प्रक्रिया है जिसमें बच्चे पाठ्य-वस्तु से अपने लिए अर्थ का निर्माण करते हैं। एक ही पाठ्य-वस्तु अलग-अलग बच्चों के लिए अलग-अलग अर्थ दे सकती है। भाव के अनुसार पाठ्य-वस्तु को पढ़ना अर्थ तक पहुँचने में मदद करता है। मीता ने पहले 'बहादुर बित्तो' कहानी के चित्रों पर बच्चों के साथ बातचीत शुरू की। इसके दो कारण हैं। पहला, बच्चे 'बहादुर बित्तो' कहानी सुन चुके हैं और कहानी पर काफ़ी बातचीत भी हो गई है जो उन्हें पढ़ने में मदद करेगा। दूसरा, चित्र पढ़ते समय छुपी हुई सामग्री के बारे में अनुमान लगाने में मदद करते हैं। चित्रों के सहारे बच्चे, छुपी हुई कहानी को पढ़ने का प्रयास कर सकते हैं। मीता ने कहानी के अलग-अलग पष्ठों पर छपे चित्रों की ओर बच्चों का ध्यान आकर्षित करते हुए बातचीत शुरू की-

- पहली तस्वीर में कहानी का कौन-सा हिस्सा है?
- बित्तो और किसान के बीच क्या बातचीत हो रही होगी?
- दूसरी तस्वीर में कहानी का कौन-सा हिस्सा है?
- बित्तो के हाथ में क्या है और क्यों?
- क्या शेर डरा हुआ लग रहा है?

मीता ने बच्चों को कहानी पढ़कर सुनाना शुरू किया- एक किसान था। उसकी बीवी का नाम था? 'बित्तो'- बच्चों का समवेत स्वर गूंजा। 'अच्छा, यह बताओ कि कहानी में 'बित्तो' कहाँ लिखा हुआ है?'- मीता ने पूछा तो सब बच्चों ने बित्तो' शब्द पर उँगली रखकर बताया। वे अब तक 'बित्तो' शब्द से परिचित हो चुके थे। मीता ने आगे कहानी पढ़ना शुरू किया। बच्चों ने भी कहानी पढ़ी। पढ़ने के संदर्भ में कक्षा के बच्चे अलग-अलग स्तर पर हो सकते हैं। कुछ बच्चे अभी अक्षरों को जोड़-जोड़कर पढ़ने की कोशिश करेंगे तो कुछ धीमी गती से छपी हुई कहानी को पढ़ेंगे। कुछ अनुमान लगाते हुए पढ़ेंगे। मुदिता ने कहानी की एक पंक्ति 'बित्तो को एक तरकीब सूझी। उसने कहा- तुम फ़ौरन खेत में जाकर शेर से कहे कि मेरी बित्तो तुम्हारे खाने के लिए एक घोड़ा लेकर आ रही है।' को कुछ इस तरह पढ़ा...

'बित्तो को एक तरकीब सूझी। उसने कहा- तुम जल्दी से खेत में जाकर शेर से कहना कि मेरी बीवी तुम्हारे खाने के लिए एक घोड़ा लेकर आ रही है।'

मुदिता ने कहानी में छपे कुछ शब्दों की जगह अपने शब्दों का इस्तेमाल किया। यह 'पढ़ना' बताता है कि मुदिता समझ के साथ पढ़ रही है, क्योंकि अर्थ वही है। दरअसल, कहानी जब शुरू होती है तो बच्चों के मस्तिष्क में अपनी वह कहानी अपने हिसाब से अपने

शब्दों के साथ आगे बढ़ने लगती है। लेकिन अर्थ मौजूद रहता है। आप देख सकते हैं कि मुदिता ने जिन शब्दों का प्रयोग किया है उनसे वही अर्थ प्रेषित हो रहा है। पढ़ते समय बच्चों की ज़रूरत के अनुसार मीता ने उनके पढ़ने में मदद की। बच्चों का हौसला भी बढ़ाया ताकि वे 'पढ़ना-सीखना' जारी रख सकें।

**भाषा सीखने-सीखने के दौरान आकलन**

मीता ने देखा कि...

- श्यामला छपी हुई कहानी को अपनी गति से पढ़ती है।
- अली पूरे वाक्य के हर शब्द को अलग-अलग करके पढ़ता है।
- जावेद पढ़ने के संदर्भ में संघर्ष की स्थिति में है। वह एक ही शब्द को दो-तीन बार दोहराता है फिर आगे बढ़ता है।

**चिंतन-बिंदु :**

- आपके विचार से अली और श्यामला के पढ़ने में क्या अंतर है?
- पढ़ना सीखने की प्रक्रिया में शब्दों को दोहराना या छपे हुए शब्दों की जगह दूसरे शब्दों का प्रयोग मान्य है?
- 'पढ़ना' में क्या महत्वपूर्ण है– तेज़ गति या अर्थ? और क्यों?

### भाषा और सामाजिक सरोकार

इस कहानी के माध्यम से बच्चों के साथ महिलाओं के काम करने की स्थिति के बारे में भी बातचीत जा सकती है–

- तुम घर में क्या-क्या काम करते हो?
- घर में कौन क्या-क्या काम करता है?
- तुमने अपने आस-पास औरतों और लड़कियों को कहाँ-कहाँ काम करते हुए देखा है?
- औरतों और लड़कियों को क्या-क्या काम करते हुए देखा है?
- काम करने में उन्हें कौन-सी दिक्कतें आती होंगी?
- क्या काम करने के मामले में औरतें और लड़कियाँ किसी से कम हैं? क्यों?
- यह बातचीत बच्चों में जेंडर संबंधी संवेदनाओं को जगाने का काम करेगी। भाषा का एक काम यह भी है– समाज को समझना!

**चिंतन-बिंदु**

'बहादुर बित्तो' कहानी में जेंडर से जुड़े अनेक मुद्दे हैं। कक्षा तीन, पाँच और आठ के बच्चों के साथ इसी कहानी के माध्यम से जेंडर संबंधी मुद्दों पर बात करते हुए आप अपने सवालों और प्रतिक्रियाओं में क्या अंतर लाएँगे और क्यों?

### संदर्भ में भाषा

भाषा में संदर्भ की एक खास भूमिका होती है जो सटीक अर्थ तक पहुँचने में मदद करती है। संदर्भ बदलते ही अर्थ भी बदल जाता है। 'बहादुर बित्तो' कहानी में ऐसी अनेक जगहें हैं जो बच्चों को संदर्भ में भाषा-प्रयोग को समझने में मदद करती हैं।

## मुहावरे

मीता ने कहानी में आए दो वाक्यों की ओर बच्चों का ध्यान आकर्षित किया–

- उन्हें देखते ही किसान के होश–हवास गुम हो गए।
- शेर के होश–हवास उड़ गए।

मीता ने बच्चों से पूछा...

- क्या इन दोनों बातों को किसी और तरह से कहा जा सकता है?
- 'होश–हवास गुम होने' का क्या मतलब है?
- 'डर जाने' की बात बताने के क्या कुछ और तरीके हैं?

मीता ने बच्चों के साथ डरने के भाव को अभिव्यक्त करने वाले कुछ और मुहावरे साझा किए और विशिष्ट भाषा–प्रयोग यानी मुहावरों के प्रयोग को समझने में मदद की...

- किसान के पैरों तले ज़मीन खिसक गई।
- शेर की जान सूख गई।
- भेडिए की आँखों के आगे अँधेरा छा गया।

मीता ने बच्चों से कहा कि वे ऐसी स्थितियाँ बताएँ, जब उन्हें डर लगा हो।

उच्च कक्षाओं में मुहावरों का प्रयोग करते हुए कहानी, अनुच्छेद, अनुभव लिखने के लिए कहा जा सकता है। वास्तव में कहानी को जितना पढ़ते जाएँगे उतनी बार भाषा को अलग–अलग संदर्भ में देखने के कारण और अर्थ भी मिलते जाएँगें।

## प्रयुक्ति (विषयगत विशिष्ट शब्दावली–रजिस्टर)

बच्चों ने कहानी में बित्तो के हाथ में दराँती देखी थी। बच्चों से दराँती के इस्तेमाल के बारे में बातचीत की जा सकती है, क्या तुम्हारे घर में भी दराँती है?/उसका कौन इस्तेमाल करता है?/ दराँती से क्या–क्या करते हैं? आदि। बच्चों को कुछ अन्य औज़ारों (खुरपी, हथौड़ी, आरी, पेचकस आदि) के चित्र दिखाकर उनके नाम, इस्तेमाल के बारे में बातचीत की जा सकती है। इस तरह से बच्चे अन्य विषयों/कामों से जुड़ी शब्दावली (प्रयुक्ति/रजिस्टर) से भी परिचित हो सकेंगे और जब उन कामों के बारे में बातचीत होगी तो उनसे जुड़ी, शब्दावली और भाषा–प्रयोग से भी उनका परिचय होगा।

### चिंतन–बिंदु :

- भाषा सीखते समय दूसरे विषयों पर भी समझ विकसित होती है। क्या आप इसे स्वीकार करेंगे और क्यों?
- 'बहादुर बित्तो' कहानी में भाषा के सहारे किन विषयों के बारे में बातचीत करने और जानकारी देने कि गुंजाइश नज़र आती है?

'बहादुर बित्तो' कहानी के इर्द–गिर्द समस्त कक्षायी प्रक्रियाओं में सुनना–बोलना, पढ़ना–लिखना, सब शामिल रहा। इन प्रक्रियाओं में आकलन भी शामिल रहा। मीता ने अपनी कक्षा के बच्चों के साथ जितनी भी भाषायी प्रक्रियाएँ संपन्न कीं, उनमें वे अवलोकन के माध्यम से बच्चों के भाषा आकलन का कार्य भी करती गईं ताकि आवश्यकतानुसार उनकी उचित मदद की जा सके। मीता ने भाषा आकलन करते समय अनेक आकलन बिंदुओं का ध्यान रखा। आइए, तालिका के माध्यम से उन आकलन बिंदुओं को समझने की कोशिश करते हैं।

## भाषा–आकलन के बिंदु

| सुनना–बोलना | पढ़ना | लिखना |
|---|---|---|
| दूसरों की बातों को धैर्य और रुचि के साथ सुनना सुनकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करने की पहल<br>• अपनी भाषा में आत्मविश्वास के साथ अपनी बात कहना | • पढ़ने के प्रति ललक/रुचि<br>• अनुमान लगाते हुए पढ़ना<br>• पढ़ते समय विभिन्न युक्तियों का प्रयोग | • लिखने की उत्सुकता/पहल<br>• संदर्भ के अनुसार शब्दों और वाक्यों का चयन |
| • लक्ष्य भाषा में अपनी बात कहना<br>• अपनी बात के लिए तर्क देना<br>• अभिव्यक्ति विचारों की मौलिकता व नवीनता<br>• विचारों में क्रमबद्धता<br>• बोलने में स्पष्टता,उचित उतार–चढ़ाव, गति, प्रवाह के साथ अपनी बात कहना | • पढ़ी गई सामग्री से अर्थ–निर्माण<br>• सहज उतार–चढ़ाव, प्रवाह और गति के साथ भावानुसार पठन<br>• पढ़ी गई सामग्री के बारे में अपनी प्रतिक्रिया/राय आदि व्यक्त करना, प्रश्न पूछना, जिज्ञासा व्यक्त करना। | • अभिव्यक्ति, विचारों की मौलिकता, नवीनता व कल्पनाशीलता<br>• विचारों में क्रमबद्धता<br>• स्व–नियंत्रित लेखन की ओर बढ़ना<br>• विराम–चिन्हों का प्रयोग<br>• भाषा का सर्जनशील प्रयोग |

भाषा आकलन के ये बिंदु प्रस्तावित हैं, अंतिम नहीं! कक्षा और बच्चों के स्तर और भाषा संबंधी कक्षायी प्रक्रियाओं के अनुसार आकलन की रूपरेखा और बिंदु तय किए जा सकते हैं। भाषा–आकलन में सबसे अधिक महत्वपूर्ण बिंदु है– बच्चों द्वारा भाषा–प्रयोग, फिर चाहे वह मौखिक भाषा हो या लिखित भाषा। बच्चों के संदर्भ में ही उनका आकलन किया जाना चाहिए। बच्चों की आपसी तुलना उचित नहीं है, क्योंकि सभी बच्चों में व्यक्तिगत भिन्नताएँ होती हैं और उनका स्वागत किया जाना चाहिए। बच्चों की भाषा के आकलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार बच्चों को आवश्यकतानुसार मदद उपलब्ध कराई जा सकती है। आकलन से प्राप्त जानकारी को अन्य शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों के साथ भी साझा किया जाना चाहिए ताकि बच्चों के भाषाविकास में सभी अपनी–अपनी भूमिका का निर्वाह कर सकें।

### भाषा की कक्षा–कविता के बहाने

कविता मनुष्य के भावों की सहज अभिव्यक्ति है। कविता करना, शेर कहना और उसके प्रभाव में आनंदित और रोमांचित होना, हमारे जीवन में लय और संगीत की तरह घुले–मिले हैं। कभी बालगीत, कभी गीत और ग़ज़ल, कभी भक्ति संबंधी पद एवं भजन के रूप में तो कभी काव्य रूप में कविता से हमारा साहचर्य बना ही रहता है। इसलिए कविता शिक्षण एक साहित्यिक विधा का शिक्षण मात्र नहीं है। इसका मतलब है जीवन में मौजूद लय, संगीत एवं प्रवाह को सहेजना, विद्यार्थियों और शिक्षकों के मध्य मौजूद सरसता को एकतान करना।

प्राथमिक कक्षाओं में भाषा सीखने–सिखाने की प्रक्रिया को समझने के लिए 'कहानी और पढ़ने लिखने के अवसर' वीडियो भी देखा जा सकता है। जिसका लिंक है– ncert.nic.in/html/primary.html

### कविता पढ़ने–पढ़ाने के उद्देश्य :

- साहित्य की अन्य विधाओं की तुलना में कविता की संरचना की समझ
- कविता में निहित शब्द, अर्थ, लय आदि के संबंधों की पहचान

- उचित आरोह–अवरोह के साथ वाचन (खासकर आधुनिक कविता के संदर्भ में)
- विद्यार्थियों के अंदर मौजूद संगीत, लय, तुक आदि के लिए अवकाश
- कविता में मौजद चित्रात्मकता, ध्वन्यात्मकता, ऐन्द्रिक सौंदर्य का साक्षात्कार करवाना
- कविता पढ़ने और लिखने के प्रति रुचि उत्पन्न करना।
- वैसी ही अन्य कविताओं के अर्थ एवं विश्लेषण की समझ पैदा करना
- कवि, समय और उनकी कविताओं के आपसी संबंधों की समझ पैदा करना
- विधा के रूप में कविता और उसकी परंपरा की जानकारी
- भाषा की विविध छटाओं की जानकारी

## पढ़ने–पढ़ाने की पूर्व तैयारी

किसी भी पाठ को पढ़ाने से पूर्व, एक समर्थ एवं सफल अध्यापक पूर्व तैयारी करता है। पूर्व तैयारी एक प्रकार का शिक्षाशास्त्रीय अनुमान है। यानी, संभावित व्यवधानों एवं सहायक सामग्रियों का अनुमान कर अपने आपको तैयार करना/समर्थ करना। इसमें पढ़ाए जाने वाले विषय के संदर्भ में आवश्यक जानकारी से अपने आपको अद्यतन करना भी शामिल है। शिक्षक चाहें तो विषय की माँग के अनुसार किसी भी प्रारूप में विषय से संबंधित आवश्यकताओं को सूचीबद्ध कर, उपयोग हेतु संग्रहित/योजनाबद्ध कर सकते हैं। उदाहरण के लिए 'ध्वनि' कविता को ध्यान में रखते हुए पूर्व तैयारी की संभावित सूची नीचे दी जा रही है जिसे शिक्षक अपनी आवश्यकतानुसार संशोधित/संपादित/परिवर्तित/परिवद्‌र्धित कर सकते हैं–

- छायावाद, निराला एवं 'ध्वनि' कविता के संबंध में जानकारी को अद्यतन करना/विस्तारित करना। साथ ही रचनावली से 'ध्वनि' कविता को पढ़ना एवं संग्रहित करना। कवि के रूप में निराला के जीवन–संघर्ष की जानकारी प्राप्त करना एवं 'ध्वनि' कविता से उसके संबंध को समझना।
- 'ध्वनि' कविता का ऑडियो एवं वीडियो पाठ सह कविता–चित्रण का संग्रहण एवं संयोजन– ICT के उपयोग के संदर्भ में।
- विद्यार्थियों एवं KRP के साथ की जाने वाली गतिविधियों की योजना एवं प्रारूप सुनिश्चित करना।
- ऑडियो–वीडियो, चार्ट, पोस्टर, चित्र, फ़िल्म प्रोजेक्ट, आकलन आदि का अनुमान लगाना, जुटाना एवं प्रारूप सुनिश्चित करना।
- उपरोक्त तैयारियाँ करते हुए प्रथम भाषा, द्विवितीय भाषा एवं तृतीय भाषा को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। द्विवितीय एवं तृतीय भाषा हेतु भाषा का पर्यावरण सृजित करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए ICT एवं भाषा पर्यावरण सर्जन हेतु अन्य सहायक सामग्रियों का उपयोग किया जा सकता है।
- कविता में आए कुछ विशेष भाषिक प्रयोगों की ओर ध्यान दिलाने के लिए गतिविधियों की योजना बनाना।

  आइए! कविता पढ़ने–पढ़ाने के तौर–तरीकों पर बात करने के लिए हम निराला की कविता 'ध्वनि' (वसंत भाग–३, कक्षा– ८) को उदाहरणस्वरूप लेते हैं

**Example - 7 :**

## 1 ध्वनि

अभी न होगा मेरा अंत
अभी–अभी ही तो आया है
मेरे वन में मृदुल वसंत–
अभी न होगा मेरा अंत।

हरे–हरे ये पात,
डालियाँ, कलियाँ, कोमल गात।
मैं ही अपना स्वप्न–मृदुल–कर
फेरूँगा निद्रित कलियों पर
जगा एक प्रत्यूष मनोहर।

पुष्प–पुष्प से तंद्रालस लालसा खींच लूँगा मैं,
अपने नव जीवन का अमृत सहर्ष सींच दूंगा मैं,

द्वार दिखा दूँगा फिर उनको।
हैं मेरे वे जहाँ अनंत
अभी न होगा मेरा अंत।

*–सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'*



नीचे दिए गए लिंक को क्लिक कर आप 'ध्वनि' कविता से संबंधित वीडियो देख सकते हैं एवं पाठ भी सुन सकते हैं–
https://nroer.gov.in/55ab34ff81fccb4f1d806025/page/58104 d6c16b51c23fb29efla (वीडियो)
http://ncert.nic.in/textbook/textbook.htm?hhvs1=1-18 (कविता क्यू आर कोड सहित)

### गतिविधि 1 – बातचीत के बिंदु :

- कविता सुनते हुए इसकी किन विशेषताओं की ओर आपका ध्यान आकृष्ट हुआ?
- पाठ्य–पुस्तकों में विधा के रूप में कविताएँ क्यों रखी जाती हैं?
- कविता सुनने मात्र से कविता के विषय–वस्तु की कुछ अनुमान आप लगा पाए?

चर्चा के बिंदुओं को आधार बनाते हुए कक्षा में कविता के पढ़ने–पढ़ाने के उद्देश्यों का उल्लेख किया जा सकता है। साथ ही भाषा और साहित्य के माध्यम से विद्यार्थियों में जिन कौशलों को विकसित करने की अपेक्षा है उनकी भी चर्चा की जा सकती है।

आगे हम कोशिश करेंगे कि कक्षा में इस कविता को इस तरह से पढ़ाया/प्रस्तुत किया जाए कि शिक्षण–अधिगम की प्रक्रिया रोचक होने के साथ–साथ कविता पढ़ने–पढ़ाने के तमाम उद्देश्यों को भी प्राप्त किया जा सके। कक्षा को रोचक एवं उद्देश्यपूर्ण बनाने के लिए एक शिक्षक के रूप में हमें पूर्ण रूप से तैयार रहना होगा। साथ ही 'सीखने के प्रतिफल' एवं कविता पढ़ने–पढ़ाने के उद्देश्य को ध्यान में रखकर ही तमाम शिक्षण–अधिगम की प्रक्रिया को मूर्त रूप प्रदान करना होगा।

**Link for Learning Outcome of Class 8 Hindi**

http://www.ncert.nic.in/publication/Miscellaneous/pdfšfiles/Learningš Outcomes%E2%80%93Hindi.pdf

**सीखने के प्रतिफल**

- अपने परिवेश में मौजद लोक कथाओं और लोक गीतों के बारे में बताते/सुनाते हैं।
- विभिन्न प्रकार की सामग्री, जैसे– कहानी, कविता, लेख, रिपोर्ताज, संस्मरण, निबंध, व्यंग्य आदि को पढ़ते हुए अथवा पाठ्यवस्तु की बारीकी से जाँच करते हुए उसका अनुमान लगाते हैं, विश्लेषण करते हैं, विशेष बिंदु को खोजते हैं।
- पढ़ी गई सामग्री पर चिंतन करते हुए बेहतर समझ के लिए प्रश्न पूछते हैं।
- कहानी, कविता आदि पढ़कर लेखन के विविध तरीकों और शैलियों को पहचानते हैं, जैसे–वर्णनात्मक, विवरणात्मक, भावात्मक, प्रकृति–चित्रण आदि।
- विभिन्न पठन सामग्रियों को पढ़ते हुए उनके शिल्प की सराहना करते हैं और अपने स्तरानुकूल मौखिक, लिखित, ब्रेल/सांकेतिक रूप में उसके बारे में अपने विचार व्यक्त करते हैं।
- भाषा की बारीकियों/व्यवस्था का लिखित प्रयोग करते हैं, जैसे– कविता के शब्दों को बदलकर अर्थ और लय को समझना।
- अपने अनभुवों को अपनी भाषा शैली में लिखते हैं। लेखन के विविध तरीकों और शैलियों का प्रयोग करते हैं, जैसे– विभिन्न तरीकों से कहानी, कविता, निबंध आदि से संबंधित अनुभव लिखना।
- अभिव्यक्ति की विविध शैलियों/रूपों को पहचानते हैं, स्वयं लिखते हैं, जैसे– कविता, कहानी, निबंध आदि।

उपरोक्त अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सबसे पहले हम कविता पढ़ने–पढ़ाने के अपने–अपने अनुभवों को साझा करते हैं।

**गतिविधि :** आपको कविता पढ़ाने के दौरान कभी ऐसा महसूस हुआ कि आपकी पूरी कक्षा तन्मयता की स्थिति में आ गयी हो या फिर संपूर्ण कक्षा एक सामूहिक लय से जुड़ गई हो। पूरी कक्षा के दतचित्त होने की स्थिति के बारे में सोचें एवं ऐसी स्थिति के संभावित कारणों का उल्लेख करें।

**नोट :** यह गतिविधि तमाम तरह के सफल एवं असफल शिक्षाशास्त्रीय प्रयोगों को सामने लाएगी। साथ ही विमर्श के दौरान उन महत्वपूर्ण कारणों पर भी विमर्श संभव है जिनके कारण कविता–शिक्षण, प्रभावी–अप्रभावी बनता है।

### काव्य–पाठ– शब्द और अर्थ के लय की समझ

दरअसल कविता पढ़ने–पढ़ाने के लिए बहुत आवश्यक है कि हम कविता की लय और आवाज़ से जुड़ें और उनका सामंजस्य तालमेल विद्यार्थियों से भी बिठाएँ। कविता में दो तरह की लय देखी जा सकती है– एक बाहरी लय और दूसरी आंतरिक लय। कविता की बाहरी लय, शब्द–संयोजन से बनती है तो आंतरिक लय, अलग–अलग अर्थ लेने से। काव्य–पाठ, इस लय को समझने

में मदद करता है। एक अच्छा काव्य–पाठ, कविता के भाव, दृश्य, ध्वनि और अर्थ को खोलने की कुंजी है। एक अच्छा पाठ, कविता के आधुनिक, मध्यकालीन, छंदबद्ध एवं छंदमुक्त होने का भी बोध कराता है। दरअसल अर्थ के छूने से पहले आपको कविता की आवाज़, नाद सौंदर्य, ध्वन्यात्मकता आदि छूती है। कविता की इसी आवाज़ के सहारे आप कविता में प्रवेश करते हैं और फिर पूरी कविता धीरे–धीरे खुलती चली जाती है। प्रभावी सस्वर वाचन पूरी कक्षा को एक सामूहिक लय से जोड़ देता है। यह अभिरुचि पैदा करने के साथ–साथ पूरी कक्षा में तन्मयता एवं शिक्षण का उपयुक्त माहौल भी तैयार करता है। यही नहीं, कविता की यति–गति, नाद एवं लय के अनुसार किया गया वाचन शिक्षक/शिक्षिका को भी रोमांचित कर विद्यार्थियों से जोड़ने का काम करता है। कुल मिलाकर, एक अच्छा पाठ पूरी कक्षा का स्नेहक होता है। अतः कविता–शिक्षण के क्षेत्र में उपयुक्त होगा कि पाठ–परिचय या कवि–परिचय से पहले हम सीधे प्रभावी वाचन करें।

'ध्वनि' आधुनिक काल के छायावाद युग की कविता है। आधुनिक काल की कविताओं में मध्यकालीन कविताओं की तरह छंद, तुक एवं संगीतात्मकता का अभाव रहता है। निराला तो छंद से मुक्ति के प्रबल पैरोकार थे। उनका मानना था कि मनुष्य की तरह कविता को भी स्वच्छंद होना चाहिए। स्वच्छंदता की इसी प्रवृति के कारण आधुनिक कविताओं के काव्य–पाठ/वाचन का कोई खास पैटर्न नहीं होता है।

यहाँ तक कि विराम चिह्नो का भी प्रयोग नहीं के बराबर दिखाई पड़ता है। छंद–तुक का अभाव और विराम चिह्न की अल्पता के कारण पाठकों के लिए आरोह–अवरोह एवं यति–गति का स्थान तय करना मुश्किल सा जान पड़ता है। परंतु आधुनिक कविताओं की भाषा उनकी शक्ति है। कम से कम हिंदी भाषा–भाषी क्षेत्रों में तो यह हमारे समय की ही भाषा–सी जान पड़ती है। अतः भाषा के स्तर पर मौजूद तादात्म्य हमें आधुनिक कविता के निकट लाता है। आधुनिक कविता के प्रभावी वाचन की कुंजी कविता में शब्दों की स्थिति, भाव एवं आंतरिक लय में निहित है। तुक एवं छंद के नहीं होने के बावजूद कवि शब्दों का ऐसा प्रयोग करता है कि कविता की संरचना में एक आंतरिक लय आ जाती है। पाठक इसी लय और भाव के सहारे वाचन की यात्रा करता है। इसी से आरोह–अवरोह, यति–गति, बलाघात आदि तय करना होता है। उदाहरण के लिए 'ध्वनि' कविता की प्रारंभ की चार पंक्तियाँ लें–

अभी न होगा मेरा अंत
अभी–अभी तो आया है
मेरे वन में मृदुल वसंत
अभी न होगा मेरा अंत

यहाँ वाचन के क्षेत्र में आप सिर्फ विराम–चिह्नो के सहारे आगे नहीं बढ़ सकते। प्रभावी वाचन के लिए आपको आंतरिक लय एवं भावों के सहारे ही आगे बढ़ना होगा। 'अंत' या 'वसंत' पर कैसे रुकना–बढ़ना है– छंद की तरह इसके तय नियम मौजूद नहीं हैं। 'अभी न होगा मेरा अंत' कहते हुए स्वर ऊपर की ओर जाएगा या नीचे की ओर यह भी इन पंक्तियों के भाव से ही तय होगा। मतलब यह कि वाचन करने वाले को 'कविता' की समग्र समझ होनी चाहिए तभी आप अपने विद्यार्थियों तक प्रभावी संकेत छोड़ पाएँगे। एक प्राणहीन एवं लय विहीन पाठ विद्यार्थियों के मन–मस्तिष्क में आधुनिक कविता के प्रति गंभीर अरुचि पैदा कर सकता है। 'पाठ' निराला और कविता के प्रति जिज्ञासा, उत्सुकता एवं रुचि भी पैदा कर सकता है तो दूसरी तरफ इन विषयों को हास्यास्पद एवं अरोचक भी बना सकता है। अतः काव्य–पाठ के क्षेत्र में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। एक प्रभावी काव्य–पाठ कविता के अधिकांश माएने अपने पाठकों तक संप्रेषित कर डालता है। तमाम मध्यकालीन कवियों के गाए गए पद इसके सर्वोत्तम उदाहरण हैं। कबीर, तुलसी, सूर आदि कवियों के पदों, दोहों एवं छंदों का उदाहरण चाहें तो आप अपने विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजनियाँ का अर्थ आप अपने विद्यार्थियों को लगाने दें एवं छंद के अनुसार उपयुक्त पाठ करने वाले किसी व्यक्ति, लता मंगेश्कर या किसी अन्य शास्त्रीय गायक द्वारा किया गया भाव–पाठ समक्ष रखें। अंतर आपको अपने–आप पता चल जाएगा।

## शिक्षाशास्त्रीय संकेत 1

कविता–शिक्षण के सर्वश्रेष्ठ तरीकों में से एक खुद कविता ही है। इसके लिए हमें मिलते–जुलते भाव–बोध की कविताओं एवं कवि का एक छोटा–सा संग्रह तैयार करना होगा। उदाहरण के लिए वात्सल्य वर्णन संबंधी भाव–बोध तुलसी के यहाँ भी है, सूरदास के यहाँ भी एवं कुछ आधनिक कवियों की कविताओं में भी। इसी प्रकार बादल, बरसात एवं प्रकृति के भाव–बोध से भी मिलती–जुलती बहुत सारी कविताएँ उपलब्ध हैं। हमें किसी खास कविता को पढ़ाते हुए उस कविता तक ही सीमित नहीं रहना है बल्कि उस भाव–बोध से मिलती–जुलती कुछ अन्य कविताओं का भी वाचन करना–करवाना चाहिए तथा उन कविताओं की विशिष्टताओं की चर्चा कक्षा में की जानी चाहिए। खासकर काव्य–शिक्षण की प्रारंभिक कुछ कक्षाओं में ऐसा करना विशेष फलदायी साबित हो सकता है। प्रांरभ में पाठ की दो–तीन कविताओं के साथ अनेक अन्य कविताओं को पढ़ना–पढ़ाना आपको प्रथम दृष्ट्या अनावश्यक एवं समय जाया करने वाला लग सकता है। पर एक बार जब विद्यार्थियों की समझ का विस्तार हो जाएगा तो आपके लिए काव्य–शिक्षण आनंद का विषय बन जाएगा एवं आगे की कक्षाओं में काव्य–शिक्षण में लगने वाले समय की भी बचत होगी। विद्यार्थियों की समझ में आई व्यापकता के परिणामस्वरूप आप पाठ्यपुस्तक में संकलित आगे की कविताओं में आधारभूत चीजों को छोड़कर भी काव्य–शिक्षण के रास्ते पर आगे बढ़ सकते हैं। पाठ में वाचन एवं रमन का तत्व प्रबल होता जाएगा एवं साथ–साथ विद्यार्थियों की सहभागिता एवं रुचि भी बढ़ेगी। अंततः हमारे काव्य–शिक्षण का भी उद्देश्य विद्यार्थियों की समझ का विस्तार करना है न कि जैसे–तैसे पाठ्यक्रम पूरा करना।

### कविता–वाचन– सहायक सामग्री/स्रोत सामग्री

ज़रूरी नहीं है कि हर शिक्षक/शिक्षिका एक प्रभावी एवं उपयुक्त वाचक भी हो। ऐसी स्थिति में आप ICT का सहारा ले सकते हैं। ऑडियो–वीडियो सामग्री का भी उपयोग किया जा सकता है। आवाज़ के साथ–साथ कविता का चित्रण द्वितीय एवं तृतीय भाषा क्षेत्र में विशेष रूप से प्रभावी साबित हो सकता है। कविता में मौजूद दृश्य, चित्र, ध्वनि आदि का भाषायी–परिवेश उपयुक्त पाठ के माध्यम से सृजित किया जा सकता है। एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में मौजूद कविताओं का पाठ एनसीईआरटी की वेबसाइट, NROER एवं YOUTUBE पर मौजूद है। आप उनका भी उपयोग कर सकते हैं। साथ ही एनसीईआरटी की नई किताबों में मौजूद 'QRCODE' का भी सहारा ले सकते हैं। ये सारी सुविधाएँ उपलब्ध न हों तो आप किसी विशेषज्ञ, कवि, साहित्यिक अभिरुचि रखने वाले व्यक्ति या कि किसी अच्छे वाचक–विद्यार्थी की भी सहायता ले सकते हैं। एनसीईआरटी, एससीईआरटी के अलावा ज्ञानपीठ, साहित्य अकादमी एवं कई अन्य निजी संस्थाओं द्वारा तैयार की गई सामग्री का भी उपयोग किया जाना चाहिए। NIOS, IGNOU एवं दूरदर्शन के लिंक पर भी मौजूद साहित्यिक सामग्री का उपयोग आप कर सकते हैं।

### कविता, शब्द और अर्थ – शिक्षाशास्त्रीय संकेत 2

कविता में शब्दों के महत्व का उल्लेख किया जा चुका है। आपने देखा होगा पाठ्यपुस्तकों में पाठ के पीछे या कभी–कभी प्रारम्भ में भी कठिन शब्दों के अर्थ दिए जाते हैं। एक शिक्षक के लिए यह विमर्श का विषय है कि वह कठिन शब्दों के अर्थ काव्य शिक्षण से पूर्व बताए, साथ–साथ या काव्य शिक्षण के उपरान्त। तरीके अलग–अलग और रचनात्मक हो सकते हैं किन्तु काव्यपाठ के पूर्व ही शिक्षक द्वारा कठिन शब्दों का अर्थ बताया जाना फलदायी नहीं होगा।

यह एक प्रकार से विद्यार्थियों की क्षमता एवं रचनात्मकता को सीमित कर आँकना होगा। विद्यार्थियों को कविता की ध्वनि, चित्र एवं परिवेश के आधार पर शब्दों से खेल एवं संघर्ष का अवसर प्रदान करें। उनसे प्रश्न एवं संकेतों के आधार पर अंतः क्रिया करें। इन संकेतों के आधार पर विद्यार्थियों को कठिन शब्दों के अर्थ का खुद अनुमान करने दें। आप एक सहायक एवं उत्प्रेरक की भूमिका में रह सकते हैं। यह एक प्रकार से विद्यार्थियों की जिज्ञासा, कल्पना एवं रचनात्मकता को अवसर प्रदान करना होगा। इस प्रकार से सीखा गया ज्ञान स्थायी एवं भविष्य की संभावनाओं से परिपूरित होगा।

कविता–वाचन का चरण पूरा होने के पश्चात विद्यार्थियों के मन में तरह–तरह की उत्सुकता, जिज्ञासा एवं भावार्थ पैदा हो चुके होंगे। एक शिक्षक के रूप में यह हमारी भूमिका होनी चाहिए कि हम उन्हें अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करें। यह एक प्रकार से अर्थ/ज्ञान सृजन की प्रक्रिया में उन्हें शामिल करना भी होगा। साथ ही NCF-2005 (रचनावादी सोच) के अनुकूल 'कर के सीखने' (learning by doing) की प्रवृत्ति को भी पोषित करेगा।

**विद्यार्थियों के लिए गतिविधि :** पाठ करने और सुनने के पश्चात विद्यार्थियों के मन में कविता के भाव को लेकर जो भी समझ बनी हो उसे लिखने को कहें। शिक्षक चाहे तो बोलने का अवसर भी प्रदान कर सकते हैं।

विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति को ध्यान में रखते हुए अध्यापक कविता के भावार्थ की ओर संकेत कर सकते हैं। परंतु प्रारंभ में ही शब्द और पंक्ति–पंक्ति की व्याख्या करते जाना उचित पद्धति नहीं है। यह एक प्रकार की रंटत पद्धति को बढ़ावा देना है। इससे विद्यार्थियों की अपनी समझ सक्रिय नहीं होती है। समझदारी कुछ पंक्तियों एवं शब्दों तक ही सीमित हो जाएगी। अतः अध्यापक अपनी ओर से अर्थ–संकेत प्रदान करें एवं विद्यार्थियों को समग्र कविता के अर्थ का अनुमान करने के लिए खुला छोड़ दें।

विद्यार्थियों को अर्थ–सृजन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए नीचे कुछ प्रश्न दिए गए हैं। उपयुक्त उत्तर को चिह्नित करें – 'ध्वनि' कविता में मेरा' संबोधन किसके लिए किया गया है–

- कवि
- प्रकृति
- फूल
- क एवं ख दोनों

प्रश्न के उत्तर पर तर्क–वितर्क करते हुए विद्यार्थियों को अर्थ–संकेत प्रदान करें ताकि वो अपने अनुमान और कल्पना को सही दिशा प्रदान कर सकें। उपरोक्त प्रश्न पर विचार–विमर्श के पश्चात शिक्षक अपनी ओर से भी अर्थ–संकेत प्रदान करें–

### अर्थ संकेत

'ध्वनि' छायावादी कवि निराला की महत्वपूर्ण कविताओं में से एक है। प्रकृति–प्रेम एवं प्रकृति के प्रति आकर्षण का भाव छायावादी कवियों की खास विशेषता रही है। निराला की यह कविता भी मूल रूप से प्रकृति को ही संबोधित है। परंतु छायावादी कवियों की प्रकृति भी मानव मन की अभिव्यक्ति का ही प्रकटीकरण होती है। मन के भावों के अनुकूल ही प्रकृति भी पल्लवित–पुष्पित–हर्षित होती है। तो इस कविता में वन–उपवन एवं वसंत के बहाने निराला अपने मन की भी बात कर रहे हैं। मन का प्रसन्न होना, रचनात्मक होना, खिलना एवं वन–उपवन और फलों का खिलना कविता में साथ–साथ चलते हैं। ये एक ही भाव की दो अलग–अलग अभिव्यक्तियाँ हैं। मन रचनात्मक और प्रसन्न है तो कवि को प्रकृति भी वसंत से परिपूरित नज़र आती है। मन में वसंत है तो प्रकृति भी वसंतमय है। इसीलिए कवि कहता है कि अभी न होगा मेरा अंत।

### गतिविधि/आकलन :

'मेरा' शब्द का संबंध किससे–किससे है ये तो आप पहले ही बता चुके हैं। चलिए! अब ये भी बताइए कि 'अभी' और 'अंत' से कवि का क्या आशय है। अनुमान लगाइए और जो भी मन में आए बताइए। सोचिए! क्या 'अभी' का संबंध सिर्फ प्रकृति के वर्तमान से है या कवि के वर्तमान से भी है। कवि के जीवन में वसंत आने का क्या मतलब हो सकता है। प्रकृति का वसंत तो सबके समक्ष प्रकट हो जाता है– वन–उपवन, फूल–फल, हरियाली आदि रूपों में। पर कवि के वसंत का संबंध सिर्फ सुख और उल्लास से है या उनकी श्रेष्ठ रचनाओं से भी है। चलिए! अंत में सोचने के लिए एक और सवाल। कविता के अंत में कवि कहता है–

''द्वार दिखा दूँगा फिर उनको।
हैं मेरे वे जहां अनंत''

**यहाँ उनको' और 'अनंत' से कवि का क्या आशय है? :**

नोट : शिक्षक विद्यार्थियों से इन प्रश्नों के अलग–अलग संभावित जवाबों पर बात–चीत करें।

**गतिविधियाँ** – आइए! अब कविता से शब्दों को चुनने का कार्य करते हैं। इस कविता में जिन शब्दों का अर्थ आपको समझ नहीं आ रहा हो, उनकी एक सूची तैयार कीजिए।

**नोट** – विद्यार्थी सूची तैयार करेंगे एवं शिक्षक भी एक संभावित सूची तैयार करेंगे।

**संभावित सूची एवं उनका अर्थ**

| | |
|---|---|
| मृदुल – कोमल | निद्रित – सोया हुआ |
| पात – पत्ता | प्रत्यूष – प्रात:काल |
| गात – शरीर | तंद्रालस – नींद से अलसाया हुआ |
| कर – हाथ | लालसा– कुछ पाने की चाह, अभिलाषा, इच्छा |

ये सूची विद्यार्थियों से मिलती–जुलती भी हो सकती है और भिन्न भी। कविता के संदर्भ में इतने विमर्श के पश्चात विद्यार्थियों से कहें कि वो पुन: कविता के संदर्भ में शब्दों के अर्थ का अनुमान करें एवं सपूर्ण कविता का अर्थ विश्लेषण करने की कोशिश करें। अंत में आपने जो सूची तैयार की है वो भी विद्यार्थियों से समक्ष रखें। संभव है कि अधिकांश शब्दों के अर्थ का अनुमान विद्यार्थियों ने कर लिया हो। इतने संघर्ष के पश्चात जब विद्यार्थी कविता और शब्दों के अर्थ तक पहुँचेंगे तो संभव है कि यह उनकी समझ का स्थायी हिस्सा बन जाए। अन्य कविताओं या अपठित पद्यांशों के संदर्भ में भी यह प्रक्रिया उनके लिए फलदायी साबित हो सकती है।

**विद्यार्थियों से बातचीत** – अब तक आपका ध्यान इस ओर अवश्य गया होगा कि कविता में शब्दों का अर्थ वही नहीं होता जो गद्य या कि 'कोश' में दिया जाता है। 'वसंत', 'मेरा', 'अभी', 'अंत' आदि के संदर्भ में आपने देखा। इसीलिए किसी ने कहा है कि सर्वश्रेष्ठ शब्दों का सर्वश्रेष्ठ संयोजन ही कविता है। मतलब कि कविता में शब्दों की स्थिति और क्रम भी गद्य से भिन्न होता है। कविता की यही भिन्नता उसे एक अलग रूप भी प्रदान करती है और कविता में एक आंतरिक लय भी सृजित करती है। तभी आप कविता को एक अलग शैली में उतार–चढ़ाव के साथ पढ़ते हैं। नीचे कविता की कुछ पंक्तियों और उनका गद्य रूप दिया जा रहा है। आप खुद ही विचार कीजिए–

''अभी न होगा मेरा अंत''
मेरा अंत अभी नहीं होगा।
''अभी–अभी ही तो आया है
मेरे वन में मृदुल वसंत''
मेरे वन में मृदुल वसंत अभी–अभी ही तो आया है।
''पुष्प–पुष्प से तंद्रालस लालसा खींच लूँगा मैं।''
मैं पुष्प–पुष्प से तंद्रालस लालसा खींच लूँगा।
आप खुद विचार कीजिए कि दोनों में क्या भिन्नता है और क्यों?

**सोच विचार – कविता के अर्थ का विस्तार/परिवेशीय सजगता :**

- ''ऋतु परिवर्तन का जीवन पर गहरा प्रभाव पडता है'' कक्षा में कविता के संदर्भ में विचारविमर्श कीजिए।
- कविता के भाव का 'ध्वनि' शीर्षक से क्या संबंध है? पूरी कक्षा को शामिल करते हुए शिक्षक अपने विद्यार्थियों से बातचीत करें। विद्यार्थियों को अनुमान लगाने की पूरी छूट दें।

**भाषा की बात– संदर्भ में व्याकरण/आकलन**

छायावादी कवियों की कई विशेषताओं में से एक है– विशेषण का प्रयोग। इस कविता में भी विशेषणों का सर्जनात्मक उपयोग किया गया है, जैसे–कोमल गात, मृदुल वसंत, हरे–हरे ये पात' विशेषण जिस संज्ञा (या सर्वनाम) की विशेषता बताता है, उसे विशेष्य कहते हैं। ऊपर दिए गए वाक्यांशों में गात, वसंत और पात शब्द विशेष्य हैं, क्योंकि इनकी विशेषता क्रमश: मृदुल और हरे–हरे शब्द बता रहे हैं। शिक्षक अपने विद्यार्थियों से ऐसे और शब्दों को ढूँढ कर लिखने के लिए कह सकते हैं। कविता 'ध्वनि' के अलावा और भी हो सकती है। इसी प्रकार व्याकरण के अन्य बिन्दुओं के बारे में (जैसे– समास, संधि, उपसर्ग, प्रत्यय आदि) पाठ के सहारे बातचीत की जा सकती है।

**सोच–विचार–भाव–विस्तार एवं परिवेशीय सजगता**

- 'अभी न होगा मेरा अंत' पद में निहित भाव कक्षा में बैठे अलग–अलग विद्यार्थियों के लिए अलग–अलग हो सकता है। जैसे किसी लड़की के लिए इन पंक्तियों का भाव एक अलग तरह की चुनौती प्रस्तुत करेगा। परीक्षा/खेल में अच्छा परिणाम न प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी इसका अर्थ भिन्न हो सकता है। अपने विद्यार्थियों से डायरी रूप में इन पंक्तियों के भाव विस्तार को खुद से जोड़कर लिखने को कहें। अनुच्छेद या रचनात्मक–लेखन के रूप में भी विद्यार्थियों से अपने–अपने भावों को अभिव्यक्त करने के लिए कहा जा सकता है।
- वसंत पर लिखी कविताओं का एक संकलन तैयार कीजिए।

**रचनात्मक अभिव्यक्ति –** कविता शिक्षण के पश्चात विद्यार्थियों में पैदा हुई रुचि एवं रचनात्मकता को भी अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। इसके लिए कक्षा में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा चयनित कुछ कविताओं को पोस्टर रूप में लगाया जा सकता है। साथ ही इस रूचि को बढ़ावा देने के लिए कुछ गतिविधियाँ भी कराई जा सकती हैं–

दी गई पंक्तियों को ध्यान में रखते हुए हरेक पंक्ति से एक अलग कविता बनाने की कोशिश करें–

- करने को कुछ काम नहीं
- बच्चे हैं मैदानों में
- उमड़–घुमड़ कर बादल आए

**नोट :** विद्यार्थियों द्वारा कार्य कर लेने के पश्चात अलग–अलग कविताओं पर बातचीत करें। इसके सहारे कविता की समझ के बारे में विद्यार्थियों से जानकारी लें एवं दें। इससे उन्हें सहजतापूर्वक कविता में शब्दों के महत्व एवं काव्य–सौंदर्य के विविध तत्वो. की व्यावहारिक जानकारी मिल जाएगी। इस प्रकार आकलन एवं शिक्षण–अधिगम की प्रक्रिया साथ–साथ चलती रहेगी।

**साहित्यिक मजकुराचे अध्यापन**

भाषा अभ्यासक्रमात विविध लेखन प्रकाराचा समावेश होतो. यात कथा, लोककथा, गीते, नाट्य उतारे, आत्मचरित्रपर लेखन, मुलाखती, कविता, माहितीपर आणि प्रदर्शनपर ग्रंथ अशा समृद्ध वाचनाचा अनुभव देणाऱ्या लेखन प्रकारांचा समावेश होतो. अशा लेखन प्रकारांच्या अध्ययनाने भाषिक कौशल्य विकासाबरोबरच मूल्यसंवर्धत तसेच लैंगिक समानता, समावेशित अनुभव आणि पर्यावरणा संदर्भात जागृती व जाणीवही विद्यार्थ्यांमध्ये विकसित होत असते.

**काव्य अध्यापन**

कविता ही भाषेच्या पारंपरिक वापराचे प्रतिनिधित्व करते. त्यामुळे कवितेचे अध्यापन करण्यासाठी वेगळ्या अध्यापन पद्धतींची आवश्यकता असते. सर्वसाधारणपणे, कविता पूर्णपणे न समजताही कवितेमार्फत संप्रेषण होत असते, हे आपणास माहीत आहे. कविता ही बाह्य प्रकटीकरणापेक्षा आंतरिक प्रकटीकरणाचा भाग जास्त असते. कवितेची तालबद्धता आणि ओघवतेपणा कवितेच्या ओळींचे

पाठांतर आणि स्मरण करण्याबाबत आपणास सहाय्यभूत ठरत असतात. कविता, खास करून लघुकविता ही श्रोत्यांवर मोठा प्रभाव पाडते आणि सरळ त्याच्या भावनांना हात घालते. व्याकरणाचा पाठ अभ्यासण्यासाठी आपण कवितेचा उपयोग करू शकत नाही.

खरे पाहता कविता ही भावनांचे प्रकटीकरण आहे आणि आनंद देणे हाच त्याचा मुख्य हेतू आहे. कवितेचे शब्द हे केवळ शब्द नसून, त्यातील प्रतिमा, कल्पना अशा विविध बाबी त्या शब्दांना शब्दांपलीकडे नेण्याचा प्रयत्न करतात.

**अध्यापनासाठी काही सूचना खालीलप्रमाणे सांगता येतील.**

- एखाद्या मोकळीकेचा प्रभावी वापर करा. मोकळीका ही आशयानुसार असावी. विद्यार्थ्यांना कवितेच्या आशयाशी संबंधित मुद्द्यांवर, अध्ययन अनुभवांवर बोलते करा. आवश्यक ती चित्रे व वृत्तपत्रातील लेखांचा प्रभावी वापर करा.
- कवितेच्या पार्श्वभूमी किंवा कवींच्या पार्श्वभूमीवर मुलांना बोलते करा.
- विद्यार्थ्यांना पुस्तके बंद करावयास सांगून शिक्षकांनी कवितेचे प्रकट वाचन करावे. आवश्यकता भासल्यास कवितेतील कल्पना व आशयाचे थोडक्यात स्पष्टीकरण द्यावे.
- कवितेचे शब्द, वाक्प्रचार आणि ओवी आठवण्यासाठी तसेच आकलन तपासण्यासाठी मुलांना एक-दोन सोपे प्रश्न विचारा.
- दुसऱ्यांदा कवितेचे प्रकट वाचन करा.
- दुसऱ्या प्रकट वाचण्याच्या वेळेस विद्यार्थी पुस्तकातील कवितेचे निरीक्षण करत श्रवण करतील.
- विद्यार्थ्यांना मूकवाचन करावयास सांगावे.
- कवितेच्या रसग्रहणाकरिता विद्यार्थ्यांना मदत करा, विशेषत: कवितेतील प्रमुख सूत्रे, भाषेचा वापर इत्यादी.

मुक्त चर्चेवर आधारित एखादे लेखन कार्य विद्यार्थ्यांना पुस्तकाच्या बाहेर घेऊन जाते आणि त्या विषयाला अथवा घटकाशी त्यांच्या प्रत्यक्ष अध्ययन अनुभवाशी जोडण्याचे काम करते. म्हणून असे मुक्त चर्चेवर आधारित लेखन कार्य विद्यार्थ्यांकडून करून घ्यावे. शक्य झाल्यास सारखा विषय असणाऱ्या अन्य कवितेचे अथवा काही चरणांचे वाचन वर्गात केले जाऊ शकते. त्यामुळे आपण शिकवत असलेल्या कवितेचे चांगले आकलन होण्यास मदत होते. सामूहिक वाचनामुळे वाचन हे अधिक रंजक होत असते. उदाहरणादाखल 'कवितेच्या अध्यापनाचा पाठ' खाली दिलेला आहे.

**अध्ययन निष्पत्ती - इयत्ता ६ वी :**

| अध्ययन-अध्यापन प्रक्रिया | अध्ययन निष्पत्ती |
|---|---|
| **मुले**<br>• नाम, सर्वनाम, क्रियापद, निर्धारक, काळ, विशेषण, क्रियाविशेषण, इत्यादी व्याकरण घटकांचा संदर्भ लक्षात घेऊन नियम समजून घेतात.<br>• त्यांच्या वाचनावर आधारित प्रश्न विचारतात. | **मुले**<br>• इंग्रजी/ब्रेलमधील विविध साहित्य वाचतो. त्यातील मुख्य संकल्पना, पात्र, कल्पनांचा क्रम व घटना इ. ओळखतो व स्वत:च्या वैयक्तिक अनुभवांशी संबंध जोडतो/जोडते. |

**उदाहरण - 8**

**पाठ्यपुस्तकाचे नाव : Honeysuckle, कविता : 'What if ',**

**पूर्व-वाचन**

ही कविता एका मुलाच्या मनातील शंका व चिंता यांचे वर्णन आहे.

मुलगा कवितेबद्दल खालील प्रश्न विचारू शकतो.

### कृती 1

- तुम्ही एखाद्या गोष्टीला घाबरला आहात का?
- तुमच्या जीवनातील एखाद्या भीतीदायक प्रसंगाचे वर्णन करा.
- तुम्ही भीतीदायक विचारांवर कशी मात कराल?

## वाचन करताना

### कृती 2

शिक्षक फळ्यावरती टेबल आखून विद्यार्थ्यांची विविध प्रसंगांविषयी विचारणा करून त्याचे वर्गीकरण करू शकतात.

| माझ्याबरोबर घडलेला प्रसंग | माझ्याबरोबर न घडलेला प्रसंग |
|---|---|
| | |

## वाचनानंतरची कृती

### कृती 3

विद्यार्थ्यांना नकारात्मक परिस्थितीऐवजी आनंद देणाऱ्या प्रसंगांची नोंद घेण्यास सांगावी.

1.
2.
3.
4.

### कृती 4

तुमच्या आयुष्यातील चिंतात्मक अशा काही सकारात्मक बाबींची यादी करा. विद्यार्थ्यांना त्याबद्दल विचारा व त्यांवर कविता लिहिण्यास सांगा.

उदा.

- शाळा नसती तर
- मासे उडू लागले तर
- गोड पदार्थ झाडावर येऊ लागले तर
- बिस्किटांची घरे बनू लागले तर...

### कृती 5

काही विषयांबाबत विद्यार्थ्यांशी चर्चा करावी व त्यांच्याविषयी मुलांना बोलण्यास सांगावे.

- तुम्ही अदृश्य झाला तर..
- जर जमीन नसती तर...

विद्यार्थ्यांच्या सभोवताली जोडणाऱ्या कृतींचे नियोजन करावे.

एका कृती पत्रिकेवर अंदाज बांधण्याजोगे असे प्रश्न घ्यावे व मुलांना द्यावे. वर्ग (३ ते ४) गटात विभागावा. प्रत्येक गटास एक प्रश्न विचारू शकतो. चर्चा करू शकतो. नंतर वैयक्तिक लिखाण करून घेऊ शकतो.

### *मुख्य साधन व्यक्तींसाठी कृती*

कोणत्याही इयत्तेतील पुस्तकातून एक कविता निवडून वरील पाठात दिलेल्या युक्त्या व पद्धतींचा वापर करून अध्ययन–अध्यापन कृतींचे नियोजन करा.

- खालीलपैकी एका पुस्तकाचे वाचन करा आणि त्यावर समिक्षा लिहा.
- इंग्रजी पुस्तकांची नावे?

### *स्वयं मूल्यमापन*

सदर पुस्तिकेत आपण भाषा अध्ययन–अध्यापनाकरिता आवश्यक असलेल्या विविध कल्पना, विचार, युक्त्या अभ्यासल्या त्यावर आधारित खालील प्रश्नांची उत्तरे द्या.

- भाषा अध्ययनात कार्य/कृतींची भूमिका कोणती?
- भाषा ही अभ्यासक्रमाला कशा प्रकारे छेद देत असते?

## REFERENCES, RESOURCES AND WEBSITES


- BADHEKA, GIJUBHAI. 2018. *Divasvapna*. National Book Trust, New Delhi.
- CLAY, MARIE. M. 1991. Becoming Literate, the construction of inner control. Auckland, Heinemann.
- COPPER. J.D. 2000. Literacy: Helping children construct meaning (2nd ed.). Houghton Mifflin Company. Prinston, New Jersey.
- CUMMINS, JIM AND SWAIN MERRILL. 1986. Bilingualism in education: aspects of theory, research, and practice. Longman.
- KUMAR, K. 2008. *The Child's Language and the Teacher.* National Book Trust, New Delhi.
- Mason, j. and s. sinha. 1992. Emerging literacy in the early childhood years: Applying a Vygotskian model of learning and development University of Illinois at Urbana-Champaign.
- NCERT. 2005. *National Curriculum Framework* –2005. New Delhi.
- NCERT. 2006a. *Position Paper of the National Focus Groups on Teaching of Indian Languages.* New Delhi.
- NCERT. 2006b. *Position Paper of the National Focus Groups on Teaching of English.* New Delhi.——.
- NCERT. 2008. *Padhne ki Samajh* New Delhi——.
- NCERT. 2009. *Teaching of English at Upper Primary Stage. Training Modules for Professional Development of Teachers in the North Eastern States.* New Delhi.
- NCERT. 2011. *Samjka madhyam*. (Medium of Learning). New Delhi.
- NCERT. 2012. *Inservice Professional Development Package: Teaching of Hindi*. (Secondary Stage) published under RMSA (unpublished training packge).
- NCERT. 2012. *Inservice Professional Development Package: Teaching of English* (Secondary Stage) published under RMSA (unpublished training packge). Avaialble at www.ncert.nic.inhttp://www.ncert.nic.in/departments/nie/dse/activities/advisory_board/PDF/RMSA_PACKAGE_ENGLISH.pdf
- NCERT. 2012. *NCERT Source Book on Assessment for Classes I–VIII Languages-Hindi.* New Delhi.

- NCERT. 2012 . *NCERT Source Book on Assessment for Classes I –VIII Languages-English.* New Delhi.
- NCERT. 2013. *Likhne ki Shuruat- Ek Samwad.* New Delhi.
- NCERT. 2015. *Continuous and Comprehensive Evaluation.* New Delhi
- NCERT. 2017. *bhasha shikshan* - Textbook in Hindi Language Education for pre-service teacher education courses. New Delhi.
- NCERT. 2015. *Teachers' Handbook for English- Honeysuckle-VI.* New Delhi.——.
- NCERT. *Teachers' Handbook for English Honeycomb*–VII. New Delhi.
- NCERT. *Teachers' Handbook for English Honeydew–VIII.* New Delhi. sinha, s. 2000. Acquiring Literacy in Schools. #493. Redesigning
- Curricula in journal Seminar.

## WEB BASED RESOURCES

- Epathashala NCERT. Audio, Video, text based materails for teachers, teacher educators in English, Hindi and other languages Available at http://epathshala.nic.in/
- Language and Learning Foundation Available at https://languageandlearningfoundation.org/resources/
- NROER– NCERT. Audio, Video, text based materails for teachers, teacher educators in English, Hindi and other languages Available at https://nroer.gov.in
- Digital Version of Barkhahttp://www.ncert.nic.in/departments/nie/degsn/NCERTBarkhaseries/Start.html
- 12 posters for children http://www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/publication/pdf/12poster1_6_16.pdf
- Guidelines for using posters http://www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/publication/pdf/Posterguidelines.pdf
- Guidelines for creating reading corner (English) http://www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/publication/pdf Readingcorner (English). pdf
- Guidelines for creating reading corner (Hindi) http://www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/publication/pdf/Readingcorner (Hindi).pdf
- *Brochure on Early Literacy* (Hindi) http://www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/publication/pdf ELPhin25_5_16.pdf
- *Brochure on Early Literacy* (English) http://www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/publication/pdf/ELPEnglish25_5_16.pdf
- *Barkha Series* adapted: A reading series for All http://www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/publication/pdf/DEEbharkha1_3_16.pdf
- *Padhna Hai Samajhna* http://www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/publication/pdf/PadanaHaihindi.pdf
- *On the threshold of reading : A compilation on Reading http:*//www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/publication/pdf /padhne_ki_samajh.pdf
- *Padhe Bharat Bhadhe Bharat* (English) http://www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/publication/pdf/PadheBharatBadheBharat. pdf
- *Firkee Bachchon ki* (issue 4) http://www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/publication/pdf/4thIssueFirkee.pdf
- *Firkee Bachchon ki* (issue 3) http://www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/publication/pdf/3rdIssueFirkee.pdf

- *Firkee Bachchon ki* (issue 2) http://www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/publication/pdf/2ndIssueFirkee.pdf
- *Firkee Bachchon ki* (issue 1) http://www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/publication/pdf/1stIssueFirkee.pdf
- *Process Documentation on Selection of Literature for Children* http://www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/activities/pdf/ProcessDocument.pdf
- Posters on *Early Literacy* http://www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/publication/pdf/poster.pdf
- *Ajj ki Baat* (15.20 mnts) http://www.ncert.nic.in/html/primary.html
- http://epathshala.nic.in/e-pathshala-4/e-resources-2/
- Kahani aur Padhne likhne ke avsar (18.37mnts.)http://www.ncert.nic.in/html/primary.html
- *Kavita aur Padhen likhne ke avsar* (8.44 mnts) http://www.ncert.nic.in/html/primary.html
- *Barkha Series* http://epathshala.nic.in/e-pathshala-4/children/supplementary/
- *Budhiya ki Roti* (E- pathshala) http://epathshala.nic.in/e-pathshala-4/e-resources-2/?dispage=0?&dispage=1?&dispage=2
- *Kahani Se Kitab Banana* http://epathshala.nic.in/e-pathshala-4/e-resources-2/?dispage=0?&dispage=1?&dispage=2?&dispage=3?&dispage=4?&dispage=5?&dispage=6?&dispage=7
- TESSINDIA.These key resources, which apply to all subjects and levels, offer teachers further guidance on effective practices in the pedagogy of the TESS-India OER. Available at http://www.tess-india.edu.in/learning-materials?course_tid=136&subject_tid=181&educational_level_tid=221
- The British Council Resources for teachers of English and Educators. https://www.teachingenglish.org.uk/
- Journals and Magazines.
- *The Primary Teacher* published by NCERT. Also avalaible at: www.ncert.nic.in
- *प्राथमिक शिक्षक* published by NCERT. Also avalaible at: www.ncert.nic.in
- *Journal of Indian Education* published by NCERT. Also avalaible at: www.ncert.nic.in
- *Language and Language Teaching*. Published by Azim Premzi Foundation. Available at https://azimpremjifoundation.org/foundation-publications/1381#main-content
- *Journal of English Language Teaching*. Published by English Language Teachers' Associate of India. Available at: http://eltai.in/journal-english-language-teaching/
- English Teaching Professional. https://www.etprofessional.com/ Published by Pavilion Publishing and Media
- English Language Classroom Video lessons
- A number of video classroom lessons are available at SWAYAM PRABHA Chennel. They are also available at Epathashala and NROER of NCERT.

# परिशिष्ट – 1

**राष्ट्रीय अभ्यासक्रम आराखडा - 2005 मध्ये अंतर्भूत असलेली भाषा अध्ययन–अध्यापनाची उद्‌दिष्टे :**

अ) **विद्यार्थी जे श्रवण करतात त्याचे आकलन करण्याची क्षमता विकसित करणे :** अध्ययनकर्त्याने वेगवेगळे संबंध आणि अनुमान लावण्याबाबत अशाब्दिक संकेताचा वापर करून श्रवण करणे व त्याचे आकलन करण्याच्या क्षमतेचे संपादन केले पाहिजे.

ब) **समजपूर्वक वाचन क्षमता विकसित करणे :** मुलामध्ये एक–रेषीय शिकण्याची सवय असते. संदर्भ लक्षात घेऊन पाठाची मागील ज्ञानाची जोडणी करून त्यातून अर्थ निर्माण करण्याबाबत ते सक्षम झाले पाहिजेत. मुलांनी पाठ चिकित्सकपणे वाचावा. वाचताना त्या संदर्भात प्रश्न विचारावे या बाबतचा आत्मविश्वास त्यांच्यात निर्माण झाला पाहिजे.

क) **सहज अभिव्यक्ती विकसित करणे :** विद्यार्थी विभिन्न परिस्थितीत आवश्यक असलेले संप्रेषण कौशल्य वापरण्याबाबत सक्षम झाले पाहिजेत. ते तार्किकदृष्ट्या, विश्लेषणात्मक आणि सर्जनशील पद्‌धतीने चर्चेत सहभागी होतील अशारितीने सक्षम झाले पाहिजेत.

ड) **सुसंगत लेखनाचे कौशल्य विकसित करणे :** लेखन हे यांत्रिक कौशल्य नसून यात व्याकरण शब्दसंग्रह, आशय, विरामचिन्हे त्याचप्रमाणे विचारांच्या वेगवेगळ्या कड्यांना सुसंगतरित्या एकत्रितपणे मांडण्याचाा क्षमता यांचे नियंत्रण याचा समावेश आहे. मुले आपल्या विचारांना सुसंघटितरित्या व सहज अभिव्यक्त होण्याबाबत सक्षम झाली पाहिजेत. मुलांना स्वत:चा विषय स्वत: निवडण्याबाबत, आपल्या कल्पनांचे संघटन करण्याबाबत आणि तार्किकदृष्ट्या त्याचे लेखन करण्याबाबत प्रशिक्षित व प्रोत्साहित केले पाहिजे. हे तेव्हाच शक्य होईल जेव्हा लेखनाला उत्पादन न समजता ती एक प्रक्रिया आहे असे समजले जाईल. वेगवेगळ्या उद्‌देशासाठी, विभिन्न परिस्थितीत औपचारिक व अनौपचारिक पद्‌धतीने लेखनाचा वापर करण्याबाबत ते सक्षम झाले पाहिजेत.

ई) **वेगवेगळ्या (रजिस्टर्सवर) नियंत्रण विकसित करणे :** भाषा ही सर्वसमावेशक स्वरूपात वापरली जात नाही. वेगवेगळ्या परिस्थितीनुसार वेगवेगळ्या क्षेत्रानुसार तिचे वेगवेगळे प्रकार, रंग व छटा आढळून येतात. यालाच रजिस्टर असे म्हणतात की जो मुलांच्या अनुभव विश्वाचा भाग असायला हवा. शालेय विषयातील रजिस्टर्स व्यतिरिक्त एका विद्यार्थ्याला अन्य क्षेत्र जसे की, संगीत, खेळ, चित्रपट, बागकामातील, बांधकाम, पाककला यात उपयोगात आणल्या जाणाऱ्या भाषेची विविधता समजण्याबाबत सक्षम व्हायला पाहिजे.

फ) **विद्यार्थ्यांच्या सर्जनशीलतेचा विकास करणे :** भाषेच्या वर्गामध्ये मुलांना स्वत:च्या कल्पनेच्या व सर्जनशीलतेच्या विकसनाच्या संधी उपलब्ध करून दिल्या पाहिजेत. मुलांनी पाठाचे विविध रूपात रूपांतर करताना आणि त्यावरील प्रक्रिया करताना त्यांची सर्जनशीलता वापरावी यासाठी वर्गातील नितीतत्त्वे व शिक्षक–विद्यार्थी संबंधांच्या माध्यमातून विश्वास निर्माण करावा.

ग) **संवेदनशीलतेचा विकास करणे :** भाषेचा वर्ग हा आपली समृद्‌ध संस्कृती आणि वारसा तसेच समकालीन जीवनाच्या विविध पैलूंचा विद्यार्थ्यांना परिचय करून देण्याच्या दृष्टीने एक चांगले साधन ठरू शकेल. याच्यात मुलांना आपल्या देशाबाबत संवेदनशील बनविण्याची शक्यता आहे. (राष्ट्रीय अभ्यासक्रम आराखडा - 2005, एनसीईआरटी 2005)

# परिशिष्ट – 2

**विकसित करावयाची कौशल्ये (इंग्रजी, द्वितीय भाषा म्हणून शिकताना)**

एस.सी.ई.आर.टी. २००५ अभ्यासक्रमानुसार खालील कौशल्य विकसनावर भर दिला पाहिजे. असे अनुमान काढता येते की, या भाषिक क्षमतांचे नियमितपणे मूल्यमापन केले गेले पाहिजे. विविध परिस्थितीमध्ये भाषेचा उत्स्फूर्त व सुयोग्य वापर होण्याकरिता मुलांमधील भाषिक प्रावीण्याचा विकास होणे गरजेचे आहे.

- विद्यार्थ्यांनी श्रवण आणि त्यातून आकलन याची क्षमता प्राप्त केली पाहिजे. तसेच अशाब्दिक संकेतांना स्वीकारून त्याचे संबंध जोडण्याबाबत निष्कर्ष काढण्याबाबत सक्षम व्हायला पाहिजे.
- माहिती आणि आनंद प्राप्तीसाठी वाचनाची सवय विद्यार्थ्यांनी विकसित केली पाहिजे. तर्क करणे, अनुमान काढणे, पूर्वज्ञानाशी मजकुराचा संबंध जोडणे, चिकित्सकपणे वाचणे आणि प्रश्न विचारणे, प्रश्नांची उत्तरे देणे याबाबतीत त्यांनी आत्मविश्वास विकसित करावा.
- वेगवेगळी भाषा आणि वेगवेगळ्या क्षेत्राशी तसेच संप्रेषणातील विभिन्नतेशी जोडले गेलेले भाषांचे विविध प्रकार विद्यार्थ्यांना लक्षात घेणे महत्त्वाचे आहे.
- मुलाला विषय लक्षात घेऊन विचारांची मांडणी करता आली पाहिजे आणि त्या अनुषंगाने, त्या जाणिवेतून लेखन करता आले पाहिजे.
- मुलांना संगीत, क्रिडा, चित्रपट, बागकाम, बांधकाम इत्यादी क्षेत्राशी संबंधित असलेल्या भाषेचा उपयोग आपल्या संभाषणात करता आला पाहिजे.
- विद्यार्थ्यांना ग्रंथालयातील उपलब्ध शब्दकोष व इतर साधनांचा उपयोग करण्याबाबत सक्षम व्हायला पाहिजे तसेच त्याची टिपण काढण्याबाबत सूचनांचे एकत्रीकरण करण्याचे कौशल्य विद्यार्थ्यामध्ये विकसित झाले पाहिजे.
- विद्यार्थ्यास कृती सादरीकरणात किंवा मजकूर लेखनात भाषेचा कल्पकतेने आणि सर्जनशीलतेने वापर करता आला पाहिजे.
- विद्यार्थ्यांनी आपण बोलत असलेली भाषा, सभोवतालची भाषा, आपली संस्कृती, वारसा, आपल्या जीवनाचे विविध पैलू इत्यादी संदर्भात संवेदनशीलता विकसित करण्याबाबत सक्षम असले पाहिजे.
- विविध साहित्य प्रकाराचा उपयोग करून मुलाने आपले जीवन सौंदर्य समृद्ध केले पाहिजे.
- बहुभाषिक वर्गातील व परिसरातील भाषांमधील साम्य आणि फरक याबाबत विद्यार्थ्यांना प्रशंसा करता आली पाहिजे.
- विद्यार्थ्यांनी विविध कार्यक्षेत्रात आपल्या संप्रेषण कौशल्यांच्या उपयोगाबाबत सक्षम असले पाहिजे आणि चिकित्सक व सर्जनशीलरित्या चर्चेत भाग घेतला पाहिजे. विविध भाषा व त्यांतील भिन्नता त्या–त्या क्षेत्रांशी संबंधित असून ती विविधता मुलाला ओळखता आली पाहिजे.
- भाषा ही सातत्याने बदलत असून तिची वैशिष्ट्ये आणि उपजत वैविध्याबद्दलची संवेदनशीलता मुलांनी विकसित केली पाहिजे.
- आपले आजोबा तसेच कुटुंबातील इतर सदस्यांच्या बोलण्यातील भाषा वैविध्य मुलाच्या लक्षात आले पाहिजे.

(माध्यमिक आणि उच्च माध्यमिक स्तर अभ्यासक्रम : विकसित करावयाची कौशल्ये, एनसीईआरटी, 2005 : 152)

## घटकसंच के उद्देश्य एवं अपेक्षित प्रतिफल

1. बहुभाषिक, बहुअनुशासिक प्रयुक्तियों का वास्तविक कक्षा में उपयोग।
2. रचना के माध्यम से जेंडर संबंधी मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाना।
3. भाषा के विशिष्ट प्रयोग, बारीकी, रचनात्मकता की ओर ध्यान आकृष्ट करना।
4. भाषा के विविध कौशलों को पुष्ट करना।
5. अन्य रचनाएँ पढ़ने-लिखने के प्रति रुचि एवं जिज्ञासा उत्पन्न करना।
6. विद्यार्थियों एवं विधाओं की प्रवृत्ति के अनुसार आनंददायक गतिविधियों के लिए प्रेरित करना (घटकसंच में प्रस्तावित गतिविधियाँ इसके लिए आधार का काम करेंगी)
7. किसी भी रचना को पढ़ने-पढ़ाने के उद्देश्यों की स्पष्टता।
8. संबंधित पाठ्य सामग्री का सीखने के प्रतिफल एवं प्रक्रिया के साथ संबंध की समझ।
9. आईसीटी के उपयुक्त उपयोग एवं एकीकरण (Integration) की समझ।
10. रचनावादी सोच के अनुकूल करके सीखने (Learning by doing) की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना।
11. शिक्षकों की प्रेरक भूमिका (Facilitor) एवं ज्ञान/अर्थ सृजन में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना।
12. शिक्षण-अधिगम की अनिवार्य प्रक्रिया के रूप में आकलन को एकीकृत करना (Inegrationof Assessment)
13. रचनाओं को विद्यार्थियों के परिवेश से जोड़कर समझना तथा विस्तार करना।
14. साहित्यिक रचनाओं से उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 'संदर्भ में शब्द और व्याकरण' संबंधी अवधारणाओं की स्पष्टता।
15. रचनात्मकता की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने हेतु अनुमान, जिज्ञासा एवं कल्पना को अवसर प्रदान करना।
16. विद्यार्थियों की व्यक्तिगत भिन्नता के अनुसार सीखने एवं समझने का अवसर प्रदान करना।

❑❑❑